ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :36°C
न्यूनतम :22°C

मुरादाबाद, सोमवार 18 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 272 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 30 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता: महबूबा मुफ्ती पेज 2



बेंगलुरु आईपीएल-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम खेल टाइम्स



राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान: योगी पेज 2



ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्व: गालिबाफ पेज 12

# त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के दो कोच में लगी आग

**कोटा।** केरल के त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन आ रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में आग लग गई। यह घटना कोटा रेल मंडल के लूणी रिच्छा और विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन के बीच हुआ।

जैसे ही आग लगने की खबर आई, सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन से उतार लिया गया। यह घटना रविवार (17 मई 2026) को सुबह करीब 5:15 बजे हुई। आग ट्रेन के बी-1 कोच मेंऔर उसके पीछे लगे सेकंड लगेज कम वार्ड वैन में लगी थी। ट्रेन में आग लगने के समय कुल 68 यात्री सवार थे और राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। आग लगने के बाद गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया और सभी यात्रियों को तेजी से कोच से बाहर निकाला गया। करीब 15 मिनट में पूरा कोच खाली करा लिया गया।



- **कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर नष्ट**
- **गार्ड ने लोको पायलट को सूचना दी**
- **15 मिनट में 68 यात्री बाहर निकाले, सभी सुरक्षित**

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर लगभग पूरी तरह नष्ट हो गए। आग पर काबू पाने के लिए रेलवे की राहत और बचाव टीम मौके पर पहुंची। आसपास के स्टेशनों से भी कर्मचारी बुलाए गए और स्थानीय प्रशासन ने भी मदद की। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह ट्रेन सुबह करीब 3:45 बजे मध्य प्रदेश के रतलाम जंक्शन से रवाना हुई थी। इसका अगला स्टॉप सुबह 8:45 बजे कोटा जंक्शन पर था, लेकिन उससे पहले ही विक्रमगढ़ आलोट के पास यह हादसा हो गया।

# 20 हजार टन गैस लेकर भारत पहुंचा 'सिमी'



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर अच्छी खबर आई है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज 'सिमी' रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया।

यह जहाज 13 मई को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के खतरनाक रास्ते से होकर गुजरा था। पश्चिम एशिया में पिछले 75 दिनों से जारी युद्ध की वजह से यह समुद्री मार्ग फिलहाल बेहद असुरक्षित बना हुआ है। इंडियन आयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने कतर के रास लफ्फान टर्मिनल से लगभग 20,000 टन रसोई गैस खरीदी थी, जिसे लेकर यह जहाज भारत आया है। जहाज पर सवार सभी 21 विदेशी चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना के कड़े पहरे और अमेरिकी नाकेबंदी के बीच इस जहाज को सुरक्षित निकालना एक बड़ी चुनौती थी। दुश्मन के रडार और निगरानी -**शेष पृष्ठ दो पर**

- **दुश्मन के रडार और निगरानी तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम अस्थायी रूप से बंद कर दिया**

# दिल्ली-NCR में CNG फिर महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में गैस की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने रविवार को सीएनजी के दाम एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिए।

इससे पहले 15 मई को कंपनी ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की थी। दिल्ली में एक किलोग्राम सीएनजी रविवार से 80.09 रुपये की गई है। पहले इसकी कीमत 79.09 रुपये थी। दिल्ली के साथ ही आईजीएल ने नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल, कैथल, कानपुर, हमीरपुर, फतेहपुर, अजमेर पाली, राजसमंद, महोबा, बांदा, चित्रकूट, हापुड़, गौतमबुद्धनगर और ग्रेटर नोएडा में भी सीएनजी की कीमत एक-एक रुपये बढ़ा दी है। तीन दिन में सीएनजी की कीमतों में तीन रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि विशेष रूप से ऑटो और कैब आदि के किराए पर असर डाल सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में सभी ऑटो रिक्शा और कैब अनिवार्य रूप से सीएनजी पर ही चलते हैं।

- **तीन दिन में दूसरी बार बढ़े दाम, एक रुपये की हुई बढ़ोतरी**

# पीएम मोदी आठ साल बाद स्वीडन दौरे पर

**एम्सटर्डम।** पीएम मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने साल 2018 में स्वीडन का दौरा किया था। उनके विमान के स्वीडन की सीमा में पहुंचते ही स्वीडिश फाइटर जेट्स ने उसे एस्कार्ट किया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन पीएम मोदी को रिसीव करने गोथेनबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसे दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। होटल पहुंचने पर पीएम मोदी की बंगाली तरीके से आरती उतारी गई। यह दौरा भारत और स्वीडन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इस दौरान व्यापार, तकनीक, रक्षा और ग्रीन एनर्जी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों की भी उम्मीद है। स्वीडन दौरे के दौरान पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। इससे पहले मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ।



- **स्वीडिश पीएम एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचे, होटल में बंगाली तरीके से आरती उतारी गई**



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने की चेतावनी

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर आसमान से आग बरस रही है, दिन में सड़कों पर यातायात काफी कम हुआ है। यूपी के दक्षिणी जिलों में हीट वेव चल रही है, गर्म हवा के थपेड़े लोगों को घरों में कैद होने को मजबूर कर रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। ये 24 जिले हैं बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और आस पास के क्षेत्र। डा. अतुल सिंह ने बताया कि आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश का मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा।

### गुरदासपुर ग्रेनेड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**गुरदासपुर।** पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस पंजाब ने गुरदासपुर में पिछले माह गीता भवन रोड के पास मिले हैंड ग्रेनेड मामले को सुलझाने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि तकनीकी इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन आरोपियों की पहचान की गई, जिन्होंने दुकान के पास हैंड ग्रेनेड फेंका था। जांच के दौरान एक आरोपी के घर से एक और हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे एक हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

## मुसलमान न कभी झुका है, न झुकेगा: मौलाना मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना मदनी ने डर और नफरत की राजनीतिश की निंदा की। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को धमकाया जा रहा है, संविधान का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने समान नागरिक संहिता, वंदे मातरम को अनिवार्य करने और मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की। मौलाना मदनी ने कहा कि इस्लाम एक आसमानी धर्म है, उसे मिटाने वाले स्वयं मिट गए, लेकिन इस्लाम जीवित रहा और कयामत तक जीवित रहेगा।

उन्होंने पूर्व सोवियत रूस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सालों तक कम्युनिज्म को बढ़ावा देकर इस्लाम को समाप्त करने की कोशिश की गई। मस्जिदों और मदरसों पर प्रतिबंध लगाए गए, यहां तक कि सालों तक मस्जिदों से अजान की आवाज तक नहीं आई, लेकिन अंतत: दुनिया ने देखा कि सोवियत रूस स्वयं टूट गया और उसके मलबे से कई मुस्लिम देश अस्तित्व में आए। उन्होंने कहा कि तमाम अत्याचारों और दमन के बावजूद



■ इस्लाम को मिटाने वाले खुद ही मिट गए: जमीयत उलेमा ए हिंद

इस्लाम और मुसलमान दोनों कायम रहे।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि नफरत की राजनीति की जगह अब धमकी और डर की राजनीति ने ले ली है, जिसका मकसद सिर्फ मुसलमानों को डराकर यह एहसास दिलाना है कि अब उन्हें इस देश में शर्तों के साथ जीवन बिताना होगा। उन्होंने कहा कि जो ऐसा नहीं करेगा उसकी जगह जेल में होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नई राजनीति कानून और संविधान की सर्वोच्चता पर गंभीर सवाल है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें खास तैर पर पश्चिम बंगाल और असम में खुलेआम चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गईं, मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से धमकियां दी गईं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद भी धमकियों का यह सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि किसी नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का यह कहना कि मुसलमानों ने हमें वोट नहीं दिया, इसलिए हम उनका काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र दोनों का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है और लोकतंत्र हर नागरिक को अपनी पसंद का नेता चुनने का अधिकार देता है। ऐसे में यदि कोई नागरिक किसी दल या नेता को वोट नहीं देता, तो यह कोई अपराध नहीं है, लेकिन आज की राजनीति में इसे भी अपराध बना दिया गया है।

## फतेहपुर नदी में डूबे छह युवक, चार की मौत

**फतेहपुर, वार्ता**

जनपद के ललौली थाना क्षेत्र में रिंद नदी में नहाने गए छह दोस्तों में से चार की डूबने से मौत हो गई। दो युवकों को स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और लोगों से नदी-तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और मृतकों युवकों की पहचान में जुट गई। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के तपनी गांव निवासी हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश, शान, निजाम और मोनू रविवार को नदी में नहाने पहुंचे थे। नहाते समय सभी युवक गहरे पानी की तरफ चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।



■ प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की

काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निजाम और मोनू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश और शान को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चार युवकों की एक साथ मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने चारों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मौके पर पुलिस बल जाच पड़ताल करने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को घटना के बारे में सूचना दे दी गई थी, परिजन मौके पर पहुंचे हैं।

## कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता: महबूबा

**श्रीनगर, वार्ता**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को पाकिस्तान के साथ नए सिरे से बातचीत की पुरजोर वकालत की।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ जुड़ने की सराहना करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब इस क्षेत्र के जख्मों को भरा जाए और लोगों के बीच विश्वास बहाल किया जाए। श्रीमती मुफ्ती ने श्रीनगर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की हालिया टिप्पणी का स्वागत किया और इसे एक सकारात्मक घटनाक्रम करार दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करना बहुत अच्छी बात है। श्रीनगर को जोड़ने वाले रास्ते फिर



से खुलने चाहिए और जम्मू-कश्मीर से सुलह-सफाई की प्रक्रिया फिर से शुरू होनी चाहिए। उन्होंने नियंत्रण रेखा के पार व्यापार और यात्रा को फिर से शुरू करने का आह्वान किया, जिसमें विशेष रूप से मुजफ्फराबाद, उरी और रावलकोट के व्यापारियों को शामिल करने की बात कही गई। उन्होंने विश्वास बहाली के उपाय के तौर पर ईद से पहले हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की। सुश्री मुफ्ती ने नागरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की मौजूदगी कम करने और एनएचपीसी को सौंपे गए बिजली प्रोजेक्ट्स को वापस लौटाने की भी मांग की।

### राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान

## कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण का खेल बढ़ाया: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता की पहचान है।

उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान निर्मित हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया। देश मे संसदीय प्रणाली लागू हुई पर, अभी पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के जिन कारणों से देश का विभाजन हुआ था, उसे ही फिर से भारत की राजनीति का हिस्सा बनाना प्रारंभ कर दिया। अभी संविधान ठीक ढंग से लागू होना प्रारंभ ही नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण का



■ सहजनवा विस क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बोले सीएम योगी

खेल प्रारंभ किया। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए शुचिंता और पारदर्शिता से आचरण और तदनुरूप कार्य करता है। कांग्रेस, सपा, राजद,टीएमसी, डीएमके या ऐसे ही भ्रष्टाचार में डूबे अन्य दलों के आचरण को सम्मान नहीं देता है, भाजपा कार्यकर्ता को समाज में सम्मान इसलिए मिलता है कि इस पार्टी कार्यकर्ता के आचरण में राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण मिलता। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की जिला इकाई की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।

### जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान श्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है। अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स


| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75237.99 |
| निफ्टी | 23643.50 |
| सोना | 159110 प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 271740 प्रति किलो |

## वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को नई दिशा

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिलहाल दोबारा शुरू होती नहीं दिख रही है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजार दबाव में हैं।

विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर समाधान नहीं निकलने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा है। निवेशकों के लिए यह एक बड़ा कारक है। अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों आईटीसी और एनटीपीसी के अलावा तेल एवं गैस सेक्टर की चार बड़ी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, इंद्रप्रस्थ गैस और गेल के तिमाही और वार्षिक परिणाम आने वाले हैं। इन आंकड़ों से पता चलेगा कि पश्चिम एशिया संकट के पहले एक महीने में इन कंपनियों पर कितना प्रभाव पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 2,090.2 अंक लुढ़ककर 75,237.99 अंक पर आ गया। सोमवार और मंगलवार को बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई जबकि बुधवार और गुरुवार को लिवाली का जोर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 532.65 अंक यानी 2.20 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 4.56 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीते सप्ताह टाइटन का शेयर 7.64 प्रतिशत लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 6.92 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6.21, इटरनल में 5.97, भारतीय स्टेट बैंक में 5.55, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.50, टीसीएस में 5.47 और इंफोसिस में 5.16 प्रतिशत की गिरावट रही।



### सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी में बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की इंपोर्ट ड्यूटी में कुछ बदलाव किए गए हैं। बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुताबिक रविवार को देश के खुदरा बाजार में 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1 लाख 59 हजार110 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बनी हुई है। इसके अलावा शुद्ध चांदी यानी ट्रिपल नाइन फाइन सिल्वर की कीमत 2 लाख 70 हजार के पार होकर 2 लाख 71 हजार 740 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। जब आप अपने नजदीकी ज्वैलर के पास जाएंगे, तो इस बिल में मेंकिंग चार्जेस, लोकल टैक्स और 3 फीसदी जीएसटी भी जोड़ा जाएगा, जिससे आपके शहर में फाइनल रेट थोड़ा अलग हो सकता है। मुंबई में आज 24 कैरेट सोने का भाव 1 लाख 59 हजार 820 रुपए प्रति दस ग्राम है। वहीं 22 कैरेट सोना 1 लाख 45 हजार 585 रुपए और चांदी 2 लाख 71 हजार 250 प्रति किलो बिक रही है।

## चावल में रही साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, तेलों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। वहीं, गेहूं और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 68 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे का भाव भी 34 रुपये घटकर 3,256 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान मूंग दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 22 रुपये और तुअर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल पांच रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 115 रुपये और पाम ऑयल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 20 रुपये फिसल गया। वहीं, वनस्पति 35 रुपये और सोया तेल 29 रुपये महंगा हो गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल. दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**20 हजार टन..**

तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने बुधवार को युद्ध क्षेत्र से गुजरते समय अपने 'ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम' (एआईएस) को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इस तकनीक की मदद से जहाज रडार की नजरों में आए बिना ईरान के लारक द्वीप के पूर्व में सुरक्षित पहुंचने में कामयाब रहा। इस पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के चार मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय के बीच दिन-रात चले बेहतरीन तालमेल की वजह से ही जहाज को किसी भी गोलाबारी से बचाकर सुरक्षित मार्ग दिया जा सका। मार्च की शुरुआत से अब तक इस रास्ते को पार कर भारत पहुंचने वाला यह 13वां जहाज है। इसके पीछे वियतनाम के ध्वज वाला एक और टैंकर एनवी सनशाइन भी आ रहा है, जो न्यू मैंगलोर बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

## नशा तस्करों के 33 अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में नशीले पदार्थों के तस्करों और भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बिरपुर के बलोल खड़ इलाके में लगभग 50 कनाल सरकारी जमीन पर बने 33 अवैध ढांचों (पक्के निर्माण, कुल्ले और मवेशी शेड) को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस का दावा है कि ध्वस्त की गई जमीन की कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इनमें 8 कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्करों के नार्को महल भी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि अतिक्रमण करने वालों से लगभग 50 कनाल जमीन वापस ली गई, जिसकी कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस का कहना है कि इन अवैध रूप से बनाए गए ढांचों का इस्तेमाल हेरोइन को जमा करने, छिपाने और उनकी सप्लाई करने के लिए किया जा रहा था। यह इलाका लगातार निगरानी में था और यहां सक्रिय कई नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ 35 से ज्यादा एफआईआर दर्ज थीं। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने मिलकर ये कार्रवाई की है।

### बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द होगी शुरू

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने रविवार को वर्चुअल तरीके से बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री वैष्णव ने ट्रेन संख्या 16553/54 सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) बेंगलुरु लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद इसे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेलवे सम्पर्क को मज़बूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। इस कधी में बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास पर ज़ोर दिया।

## त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

पार्टी ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए तत्काल जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की बेहद भयावह तस्वीरें सामने आई हैं, जिसने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। पार्टी ने दो प्रमुख सवाल पूछे आग कैसे लगी? और सुरक्षा में कहां चूक हुई? कांग्रेस ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पार्टी ने मोदी सरकार और रेलवे प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

■ आग कैसे लगी और सुरक्षा में चूक कैसे हुई, इनका मांगा जवाब और की कार्रवाई की मांग

■ कांग्रेस ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताया

करने की मांग की। गौरतलब है कि रविवार तड़के त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के बी-1 कोच में आग लग गई। घटना मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में आलोट के पास लूणी रीछा और विक्रमगढ़ स्टेशन के बीच हुई। कोच में करीब 68 यात्री सवार थे। घटना के बाद दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ और करीब दो दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुनर्विचार की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरणीय नुकसान तथा आदिवासी अधिकारों के उल्लंघन की आशंका है। पार्टी का कहना है कि वह लगातार इस संबंध में सरकार को अवगत करा रही है, लेकिन उसकी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को पत्र लिखने के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक व्यावसायिक परियोजना को सुरक्षा जरूरतों के आधार पर उचित ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि इसके पर्यावरणीय प्रभावों तथा आदिवासी हितों पर पड़ने वाले असर को लेकर लगातार आलोचना हो रही है।

# वन दरोगा से तमंचे के बल पर लूट



## मोबाइल और नकदी छीनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** आज शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने वन विभाग के दरोगा को तमंचे के बल पर रोककर मोबाइल फोन और नकदी लूट ली। लूट की वारदात से पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया और सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम कूकड़ा इस्लामपुर निवासी दीपक कुमार रावली कादरपुर जसवंत क्षेत्र में वन विभाग में दरोगा के पद पर तैनात हैं। आज शाम करीब चार बजे वह बाइक द्वारा घर से महमदाबाद स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वह कुम्हारपुरा नहर पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा निकालकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते, आरोपियों ने उनकी जेब से करीब पांच सौ रुपऐ की नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश कुम्हारपुरा मार्ग की ओर फरार हो गए। इस घटना से राहगीरों और आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित ने राहगीरों से मोबा. इल लेकर अपने विभागीय अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन रेंजर महेश के निर्देश पर डिप्टी रेंजर नितिश कुमार भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित से घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के रास्तों और संदिग्ध स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। संभावित भागने के मार्गों पर वाहनों की चेकिंग भी कराई गई। पुलिस टीमों को बदमाशों की तलाश में लगाया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में चिंता देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि कुम्हारपुरा नहर पुलिया और आसपास का क्षेत्र शाम के समय अपेक्षाकृत सुनसान रहता है, जिसके चलते असामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में नियमित निगरानी की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। संदिग्ध युवकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा किया गया है।

# चलती बाइक में लगी आग

## देखते ही देखते जलकर खाक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सलामपुर रोड पर आज एक बड़ा हादसा उस समय बच गया, जब चलती डिस्कवर बाइक में अचानक आग लग गई। आग लगने से बाइक पूरी तरह जलकर खत्म हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार समीपवर्ती ग्राम घासीवाला बंगाली कॉलोनी निवासी आर्यन अपनी बाइक को मैकेनिक के पास ठीक कराने ले जा रहा था। इसी दौरान सलामपुर रोड पर बाइक अचानक बंद हो गई। जैसे ही उसने दोबारा स्टार्ट करने की कोशिश की, तो वायरिंग सिस्टम में शॉर्ट सर्किट होने से इंजन के पास चिंगारी निकली और अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि आर्यन को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वह तुरंत बाइक से कूदकर दूर हट गया। देखते ही देखते बाइक धूं-धूंकर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने मिट्टी और पानी डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बाइक का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते बाइक सवार सुरक्षित बच गया। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने अपने मोबाइल से वीडियो बनानी शुरू कर दी। बाइक चालक परेशान था और लोग उसकी वीडियो बना रहे थे। आज कल यह चलन ज्यादा हो गया है। किसी भी हादसे के बाद पीड़ित की मदद करने की बजाय लोग उसकी वीडियो बनानी शुरू कर देते हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**अफजलगढ़।** नेशनल हाईवे पर बनैली नदी के पुल से पूर्व तीव्र मोड़ पर आज शाम सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि बाइक सवार प्रभाकर सिंह (27 वर्ष) पुत्र मल्लू सिंह निवासी ग्राम भरतपुर, थाना कुंडा, जिला उधमसिंहनगर (उत्तराखंड) अफजलगढ़ से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल से पहले बने तीव्र मोड़ पर पहुंचा, तभी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में प्रभाकर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर डायल 112 पीआरवी एवं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी भिजवाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनवीर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## एक नजर

### चांदपुर के युवक की सऊदी अरब में मौत



**बिजनौर।** चांदपुर निवासी युवक की सऊदी अरब के रियाद में मौत हो गई। युवक 29 मई को शादी होनी थी, लेकिन इससे पहले ही उसका इंतकाल हो गया। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। मौहल्ला चाहसंग निवासी फरहान पुत्र रईस अहमद के इंतकाल से हर कोई गमजदा है। फरहान अपने भाई जीशान के साथ काफी समय से रियाद में रह कर काम कर रहा था। दो दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर उसे वहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फरहान की शादी इसी महीने की 29 तारीख को तय थी और वह 25 मई को भारत लौटने वाला था। उसकी मौत की खबर से घर में शादी की खुशियां गम में बदल गईं। फरहान के निधन की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया।

### 'बीट द हीट' कार्यक्रम में स्विमिंग



**नजीबाबाद।** नगर के एक स्थानीय विद्यालय में आज सुबह 'बीट द हीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी से राहत दिलाने और बच्चों को मनोरंजन के साथ स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सब जूनियर विंग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चों को स्विमिंग कराई गई, जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया। विद्यालय प्रशासन ने बच्चों के लिए कोल्ड ड्रिंक, स्नैक्स, तरबूज और अन्य ताजगी प्रदान करने वाली व्यवस्थाएं की थीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था। विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक और प्रधानाचार्य बच्चों की सक्रिय भागीदारी देखकर प्रसन्न हुए। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसी क्रियात्मक गतिविधियां बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### छात्रा से दुष्कर्म मामले में दोषी को सजा

**बिजनौर।** पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में चांदपुर निवासी सनी को दोषी करार दिया है। कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश लोकेश नागर ने सनी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 75 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माने की राशि में से 50 हजार रुपए पीड़िता को दिए जाएंगे। एडीजीसी योगेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला चांदपुर क्षेत्र का है। 20 दिसंबर 2022 को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी चचेरी बहन सुबह इंटर कॉलेज पढ़ने गई थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश शुरू की, तो उन्हें पता चला कि सनी पुत्र रामचंद्र भारती नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। आरोपी सनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए उसके खिलाफ पॉक्सो कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया।

# दो ट्रकों की भिड़ंत में एक की मौत

## दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल, परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज तड़के बैराज मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना सुबह करीब चार बजे की बताई जा रही है। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

मृत चालक की पहचान रविंद्र पुत्र लालाराम के रूप में हुई। वह शहपुर बलियान फरीदपुर बरेली का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## कार में पेट्रोल डलवा कर बिना भुगतान किए भागे युवक

**राजा का ताजपुर।** एक कार सवार युवक पेट्रोल पंप से करीब 2900 रुपये का पेट्रोल डलवाकर बिना भुगतान किए फरार हो गया। यह घटना शनिवार देर रात नूरपुर स्योहारा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास किसान फिलिंग स्टेशन पर हुई। रात करीब ग्यारह बजे कार सवार युवकों ने पेट्रोल भरवाया। भुगतान के लिए एक कर्मचारी को क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए अपना फोन दिया। जैसे ही कर्मचारी ने फोन वापस किया, कार में बैठा युवक तेजी से गाड़ी भगाते हुए मौके से निकल गया। इस घटना से पेट्रोल पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने कार सवार को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन तेज रफ्तार कार लेकर युवक फरार हो गया। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पेट्रोल पंप के मालिक और वरिष्ठ बसपा नेता गौहर चौधरी ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच शुरू की।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आज देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किसी वाहन को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी करन सिंह (35 वर्ष) पुत्र लाल सिंह ग्राम हर्रा के निकट स्थित एक मुर्गी फार्म में नौकरी करता था। वह अपने परिवार के साथ वहीं रह रहा था। आज शाम वह अपने घर से बाइक द्वारा वापस मुर्गी फार्म लौट रहा था। बताया जाता है कि जब वह धामपुर की दुर्गा विहार कॉलोनी के पास पहुंचा, तभी सामने आए किसी वाहन को बचाने के प्रयास में उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की



सहायता से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की जानकारी उसके परि. जनों को दी। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। परिजनों से बातचीत के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## सिविल लाइन में बढ़ रही छेड़छाड़ की गंभीर घटनाएं

### सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मी तैनात नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक तरफ सरकार के आदेश पर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है और दूसरी तरफ महिलाओं व बच्चियों को लेकर अपराधों में इजाफा हो रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय सिविल लाइन एवं छात्राओं के इंटर एवं डिग्री कॉलेजों के आसपास छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही है। सिविल लाइन से बड़ी संख्या में छात्राएं एवं युवतियां गुजरती है। आसपास में कई ट्यूशन सेंटर, कोचिंग संस्थान एवं जॉब सेंटर है। शाम के समय यहां से छात्राओं व युवतियों का गुजरना भी होता है। वह फास्ट फूड़ के ठेलों पर भी आती है। यहां कई दर्जन ठेले लगते है। साथ ही रेस्टोरेंट भी है। बाइक सवार युवकों की वजह से इन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। गंदी नजर से उन्हें घूरा जाता है। इज्जत की खातिर छात्राएं व युवतियां पुलिस से शिकायत कर अपनी पहचान जाहिर कर पचड़े में नहीं पड़ना चाहती है। वह नजरें झूका कर वहां से निकल जाती है। अगर यहां पर सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया जाए, तो इस पर काफी हद तक रोक लग सकती है। सरकार ने बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की है। लेकिन ये महिला पुलिसकर्मी फील्ड दिखाई नहीं देती हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के द्वारा महिला पुलिस कर्मियों व महिला उपनिरीक्षकों से फील्ड में काम नहीं लिया जाता है। छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए सादी वर्दी में महिला पुलिसकर्मियों को ऐसे स्थानों पर तैनात करने की जरुरत है। ताकि मजनुओं व अय्याश मानसिकता के युवकों व पुरुषों को सबक मिल सके।

# हाजी जियाउद्दीन अंसारी का नूरपुर में स्वागत

## सपा विधायक रामअवतार सैनी ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**मुजाहिद फारुखी**

**नूरपुर।** सपा में शामिल हुए पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी का यहां पहुं. चने पर भव्य स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की मौजूदगी में सपा में शामिल हो गए थे। सपा में शामिल होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनका स्वागत किया था। हाजी जियाउद्दीन अंसारी आज अपने समर्थकों के साथ वापस नूरपुर लौट आए। सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी के आवास पर उनका स्वागत किया गया। यहां पर सपा विधायक ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित





किया। सपा विधायक रामअवतार सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगामी विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता भाजपा सरकार की गलत नीतियों, तेजी के साथ बढ़ रही महंगाई एवं भ्रष्टाचार की वजह से बेहद परेशान है। सपा में शामिल हुए हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने कहा कि वह आठों विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। उन्होंने कहा कि बसपा में नेताओं व कार्यकर्ताओं का जमकर आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। कोई भी जनाधार वाला नेता बसपा में नहीं रहना चाहता है।

दूसरी तरफ हाजी जियाउद्दीन अंसारी का नगर में भी कई स्थानों पर स्वागत किया गया। सपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। कार्यकर्ताओं में जोश देखा गया। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता एजाज अहमद अंसारी, डा. खादिम अंसारी, ताजपुर के जानेमाने समाजसेवी व प्रधान पद के मजबूत उम्मीदवार मकसूद अहमद ठेकेदार, वसीम कुरैशी, निसार मंसूरी, आसिफ मकरानी, तुषार चौहान, अबरार मलिक, सरफराज सिद्दीकी, जिला पंचायत सदस्य इमरान आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# मेघपुर में संविधान संवाद सम्मेलन







**शेख मौ. युसूफ**

**अफजलगढ़।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन करते हुए ग्राम मेघपुर में विधानसभा स्तरीय संविधान संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व उ.प्र.प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत कर भाजपा सरकार पर तीखे हमला बोला।

कार्यक्रम में क्षेत्र भर से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ ने पार्टी नेताओं का जोरदार स्वागत किया। अफजलगढ़ पहुंचने पर भूतपुरी तिराहे पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष अजीम अंसारी ने अपनी टीम के साथ फूल माला पहनाकर अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इसके बाद नेताओं का काफिला कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का डर दिखाकर दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है और आने वाला समय कांग्रेस का होगा।

प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने भाजपा की डबल इंजन सरकार को किसान और युवा विरोधी बताते हुए कहा कि बढ़ापुर क्षेत्र पूरी तरह किसान बाहुल्य क्षेत्र है, जहां मेहनतकश किसान दिन-रात खेतों में काम कर देश का पेट भरने का कार्य करते हैं, लेकिन वर्तमान सरकार में किसान खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध और भय का माहौल बढ़ रहा है। कांग्रेस युवाओं को राजनीति और संगठन में आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है और आने वाले समय में युवाओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

ठाकुर उत्तम सिंह चौहान ने कहा कि यदि वर्ष 2027 में गठबंधन की सरकार बनती है, तो बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश में अलग पहचान दिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने अफजलगढ़ को तहसील का दर्जा दिलाने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया और कहा कि कांग्रेस जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस मौके पर सम्मेलन में प्रदेश सह प्रभारी प्रदीप नरवाल, बिजनौर शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, वरिष्ठ नेता रियासत हुसैन अंसारी, हाजी अहसान अंसारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नजाकत हुसैन, कांग्रेस नेता सरदार गुरविंदर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, नासिर चौधरी, पूर्व चेयरमैन ठाकुरद्वारा सलमा हसन, नाबका प्रधान मुस्तकीम मलिक, प्रधान रिजवान अहमद, प्रधान शकील अहमद, जितेंद्र कुमार जैन, नगर अध्यक्ष अजीम अंसारी, मास्टर इश्हाक अंसारी, युवा नेता अनस एड., नदीम ईदरीसी, ऋषिपाल सिंह, गुरमीत सिंह, दीपक चौहान, बलजीत सिंह, आनंद सिंह तथा केशव सैनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा बैटरी कारोबार के नाम पर 30 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर पुलिस ने 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई एसपी के आदेश पर की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनपुर जागीर निवासी हरपाल सिंह पुत्र शिवचरन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि देहरादून निवासी मनीष, जो अपने बहनोई राजेश कुमार (ग्राम झीरन निवासी) के यहां रहता था, एक अन्य व्यक्ति विजय (झीरन निवासी) के साथ उसके घर आया। तीनों आरोपियों ने हरपाल सिंह को लिथियम ई-रिक्शा बैटरी बनाने और ई-रिक्शा व इलेक्ट्रिक स्कूटी बेचने का व्यवसाय शुरू करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने हरपाल से उसकी दुकान और मकान किराए पर देने को कहा, जिसके लिए पांच हजार रुपए मासिक किराया देने का वादा किया। साथ ही, उसे व्यवसाय में पार्टनरशिप करने का भी लालच दिया। हरपाल सिंह के अनुसार, आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर धीरे-धीरे करीब 30 लाख रुपए इस काम में लगवा दिए। कुछ समय बाद, मनीष बिना बताए रात में दुकान और मकान में रखा सारा सामान भरकर ले गया। वह हरपाल के साडू के लड़के कुलदीप सिंह की डस्टर गाड़ी भी अपने साथ ले गया। जब हरपाल सिंह ने मनीष से अपने रुपये और गाड़ी वापस मांगे, तो मनीष ने साफ इनकार कर दिया और कहा कि वह न गाड़ी देगा और न ही पैसे या कोई सामान।

पीड़ित ने एसपी से षडयंत्र रचकर हड़पी गई रकम, गाड़ी और सामान वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। थानाध्यक्ष परवेज कुमार ने बताया कि एसपी के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## रालोद जिलाध्यक्ष को सिक्कों से तौला

### समाज को अधिक सशक्त बनाने का संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कश्यप समाज की एकता, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान को लक्ष्य बनाते हुए कश्यप समाज संगठन सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप को सिक्कों से तौलकर सम्मानित किया गया।

ग्राम हरपुर (विधानसभा नहटौर) में आयोजित बैठक में कश्यप समाज के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, युवा एवं महिला सदस्यों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक में समाज की वर्तमान स्थिति, शिक्षा, रोजगार, आगामी योजनाओं तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सदस्यों ने सुझाव दिए और समाज को अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज को शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बनाने का हमारा लक्ष्य है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व और किसान-नौजवान के सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से हम सभी प्रेरित हैं। उनकी सोच और कुशल नेतृत्व ने युवाओं में नई ऊर्जा भर दी है। आज की यह बैठक समाज की एकता को और मजबूत करेगी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कश्यप ने किया। इस मौके पर डा. मोहन कश्यप, राजेश कश्यप, राहुल कश्यप, पूर्व प्रधान सुभाष कश्यप, रिंकू कश्यप, ज्ञानेंद्र चिकारा, विजय चौहान, संजीव चौधरी, अनुराग मलिक, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, राजीव कुमार बॉबी, दीपक डबास, महेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, कपिल कुमार, धर्मपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, शमीम अहमद, पारितोष चंदेल, दयाराम कश्यप, सोमपाल कश्यप, भानु कश्यप, डा. अरुण कश्यप, अशोक कश्यप, शिवलाल कश्यप, सुरेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में कश्यप समाज के लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने सैलून में बंद युवक व महिला को पकड़ा

### आरोपी का शांतिभंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** सैलून में युवक और महिला को दुकान पर ही काम करने वाले युवक ने दुकान के अंदर बंद कर दिया। जिसकी भनक ग्रामीणों को लग गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस दोनों को थाने ले गई युवक व महिला अलग-अलग सम्प्रदाय के हैं।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गांव में ही सैलून है। शनिवार को गांव निवासी एक महिला सैलून पर पहुंची। इसी दौरान दुकान पर काम करने वाले युवक ने दुकान स्वामी व महिला को दुकान में बंद कर दिया। दोनों को दुकान में बंद करते हुए किसी ग्रामीण ने देख लिया। महिला व दुकान स्वामी के दुकान में बंद होने की सूचना पर अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अपने साथ थाने ले आई।

थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की आरोपी का शाति भंग में चालान कर दिया गया है। महिला को उसके मायके वालों को सौंप दिया है।

## वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व मंत्री के निधन पर जताया शोक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व मंत्री स्व. श्रीमती ओमवती देवी के निधन पर उनके आवास पर पहुंच कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतृप्त परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय तथा AICC सचिव एवं उत्तर प्रदेश सह-प्रभारी प्रदीप नरवाल ने स्वर्गीय श्रीमती ओमवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय ओमवती देवी के पति आरके सिंह (पूर्व आईएएस), पुत्र राजीव कुमार सिंह (एसपी) एवं पुत्रवधू श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह (जिला कांग्रेस अध्यक्ष) से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया तथा इस दु:ख की घड़ी में कांग्रेस परिवार की ओर से पूर्ण संवेदना एवं समर्थन का आश्वासन दिया। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती ओमवती देवी का सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन जनसेवा, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक था। उनके निधन से कांग्रेस परिवार एवं समाज ने एक समर्पित एवं संवेदनशील नेतृत्व को खो दिया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के नेता और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## विश्व डेंगू दिवस पर बच्चों और ग्रामीणों को किया जागरूक

### पानी की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत छितावर के सरकारी विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र में डेंगू जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान स्मार्ट एनजीओ और रामा एफएम 90.0 की टीम द्वारा आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों को डेंगू से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने लोगों को घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, पानी जमा न होने देने तथा बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत उपचार कराने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में कोर्डिनेटर नीलम वर्मा ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और स्वच्छता अपनाकर डेंगू जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों से अपने घर और मौहल्ले में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के साथ-साथ परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

इस अभियान के तहत उपस्थित बच्चों और ग्रामीणों के बीच ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए गए। इसका उद्देश्य लोगों को गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और शरीर में पानी की कमी से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था।

रामा एफएम 90.0 की इस पहल की ग्रामीणों और विद्यालय स्टाफ ने सराहना की। कार्यक्रम में रचना चौधरी, जितेंद्र कुमार और चंद्रमोहन सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने जानकारी दी कि संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करने और गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति सजग करने के लिए समय-समय पर ऐसे सामाजिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रहती है।

## भाकियू का धरना दूसरे दिन भी जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का अनिश्चितकालीन धरना विद्युत उपकेंद्र मानियानावाला (खैराबाद, म्हाढ़ी) पर दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारी जेई हर्ष शर्मा, विद्युत कर्मचारी सर्वेश कुमार और रोहन के स्थानांतरण की मांग कर रहे हैं।

किसानों ने संकल्प लिया है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान और इन कर्मचारियों का तबादला नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा। भाकियू पदाधिकारियों का आरोप है कि अवर अभियंता हर्ष शर्मा ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है।

संगठन ने इस अभद्रता को अस्वीकार्य बताया है।

उधर, जेई हर्ष शर्मा ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनके ऊपर लगे सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उपखंड अधिकारी अमित कुमार ने मामले की निष्पक्ष जांच करने की बात कही है।

पंचायत की अध्यक्षता डा. राजपाल सिंह ने की। संचालन राणा सिंह सैनी ने किया। इस दौरान महबूब खान, रेशम सिंह, रमेश सिंह शेखावत, देवेंद्र कौशिक, सरदार हरि सिंह, युसुफ कुरैशी, महीपाल सिंह, असरफ अली, हाफिज अंसारी, अहमद अंसारी, बाबू अहमद, रशीद अहमद, मदन सिंह राणा, सुनील कुमार, बलकरण सिंह और जगदीश सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

## पृथ्वीराज चौहान का जयंती समारोह मनाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** हिंदू हृदय सम्राट, वीर शिरोमणि महाराज पृथ्वीराज चौहान का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सीमला खुर्द नई बस्ती में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलित कर किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के जयघोषों से गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा पेट्रोल व डीजल की बचत के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल से चलने का आह्वान किया था। जिसे देखते हुए आज जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप चौधरी इलेक्ट्रॉनिक कारों से कार्यक्रम में पहुंचे। आयोजन की अध्यक्षता सूबे सिंह ने की। संचालन वीर सेना के अध्यक्ष रसिक चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप चौहान, संजीव मलिक, विक्रांत ठाकुर, राहुल आदि मौजूद रहे। जिन्होंने पिछले वर्ष ग्रामीणों से जो वादा किया था, उसे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया। उनके प्रयासों से गांव में सड़क निर्माण का कार्य कराया गया तथा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का सुंदर रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण भी कराया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह के साथ सभी ने सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केवल विकास कार्य नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों के सम्मान का प्रतीक है। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। विशेष रूप से लाल बहादुर कर्णवाल, संकित राठी, ग्राम प्रधान जगदीश कुमार, शिवराज चौहान, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जलीलपुर में 3 दिन से बिजली आपूर्ति बाधित

**बिजनौर।** जलीलपुर क्षेत्र के कई गांवों में पिछले तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है। 13 मई की रात आए भयंकर आंधी-तूफान के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई थी, जिससे क्षेत्र के कई गांवों में अंधेरा छाया गया था। तूफान इतना भीषण था कि जलीलपुर सब स्टेशन के अंतर्गत 107 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके साथ ही कई स्थानों पर बिजली की लाइनें भी टूट गई थी, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। विद्युत विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त लाइनों और पोलों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। हालांकि, जलीलपुर सब स्टेशन को अभी तक केवल 35 से 40 ही नए पोल ही मिल पाए हैं, जबकि कुल 107 पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस संबंध में जलीलपुर बिजलीघर के अवर अभियंता (जेई) शक्ति सिंह ने बताया कि तूफान से 107 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुए थे, लेकिन अभी तक केवल 35-40 पोल ही उपलब्ध हो पाए हैं। उन्होंने बताया कि लेखपाल द्वारा निरीक्षण न किए जाने के कारण शेष पोल नहीं मिल पाए हैं। जेई शक्ति सिंह ने आश्वासन दिया कि विद्युत विभाग की टीम लगातार काम कर रही है और आज रात तक सभी प्रभावित गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**नजीबाबाद।** स्थानीय एक बैंक्वेट हॉल में आशीर्वाद फाउंडेशन द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10 और 12 के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसमें उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला महिला कल्याण अधिकारी सुश्री रबिता राठी, संस्था अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डा. हिमांशू मिश्रा, सचिव प्रांशत कुमार और हाई कोर्ट के जज मोह. आदिल सहित कई प्रमुख हस्तियाँ मौजूद रहीं। इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक सफलताओं को पहचानना और उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने तथा उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था।

### फसल रोगों से बचाव बताए



**नूरपुर।** क्षेत्र के चांगीपुर गन्ना मिल की टीम ने रविवार को फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों ने ग्राम-ग्राम पहुंचकर किसानों को फसलों में होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। मुजफ्फरनगर से आई कृषि विशेषज्ञ चिकित्सकों और अधिकारियों की टीम में विकास मलिक, सीजीएम इंद्रवीर सिंह, मौहम्मद जैदी, अमित चौधरी और हर्ष कुमार शामिल थे। इस टीम ने किसानों की फसलों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने किसानों को फसलों को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों, उनसे बचाव की प्रभावी विधियों और आवश्यक दवाइयों के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह भी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने किसानों के साथ नई तकनीक, रोग नियंत्रण और स्प्रे संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। क्षेत्र के कई किसान इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

**KRISHNA COLLEGE OF SCIENCE & INFORMATION TECHNOLOGY**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
1.B.B.A.
2.B.Sc. (Microbiology)
3.B.Com. (Computer)
4.M.Com.
5.M.S.W.
6. M.Sc. (Physics)
7.M.Sc. (Maths)
8.M.Sc. (Home Science)

**Qualification:** As per UGC/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at*
***krishnacollegebijnor@gmail.com***

**KRISHNA COLLEGE OF LAW**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
**LL.B.**

**Qualification:** As per UGC/BCI/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Manager or mail at*
***kclbijnor@gmail.com***

**KRISHNA INSTITUTE OF SCIENCE**
BIJNOR(U.P.)

**REQUIRES**

**ASSISTANT PROFESSORS FOR**
1. B.Sc. (Hons.) : Zoology, Botany, Chemsitry, Mathematics & Physics.
2. B.Com. (Hons.)

**Qualification:** As per UGC/U.P. State Govt. norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Chairman or mail at*
***krishnainstituteofscience@gmail.com***

# मुठभेड़ में लूट के आरोपी को लगी गोली

## दो किशोर पुलिस अभिरक्षा में लिए, बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बाइक व मोबाईल लूट मामले में थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई कर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो किशोर साथियों को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई स्प्लेंडर बाइक, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के ग्राम शाहनगर कुराली निवासी शिवकांत पुत्र संजीव कुमार ने थाना शेरकोट में तहरीर देकर बताया था कि 15 मई की रात वह अपने साथी सौराम के साथ बाइक से हरेवली अस्पताल खाना देकर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि जब वे गिरीराज इंटर कॉलेज के पास पहुंचे, तभी अर्टिगा कार में सवार कुछ बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर दोनों युवकों को धमकाया और उनकी बाइक तथा मोबाइल फोन लूटकर मौके से फरार हो गये थे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरो. पियों की तलाश शुरू कर दी थी।

पुलिस के मुताबिक गत रात्रि करीब 2:35 बजे शेरकोट-अफजलगढ़ मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम को एक बाइक पर तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो आरोपियों ने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा, जबकि उसके दो साथियों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। घायल बदमाश की पहचान निकुंज पुत्र राकेश सिंह निवासी टांडा गोरा विक्रमपुर, थाना बाजपुर जनपद ऊधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के रूप में हुई। पुलिस ने घायल आरोपी को कब्जे में लेकर तत्काल उपचार के लिए सीएचसी धामपुर भेजा। वहीं उसके दो किशोर साथियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई बाइक, 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार बरामद बाइक वही है, जिसे 15 मई की रात लूटा गया था। पूछताछ में आरोपियों ने कई अहम खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ क्षेत्र में लूट की घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। बाइक लूट की घटना के बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ने पर आरोपी अर्टिगा कार छोड़कर फरार हो गए थे। इसके बाद उन्होंने लूटी गई बाइक को झाड़ियों में छिपा दिया था, ताकि पुलिस को कोई सुराग न मिल सके। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि घायल आरोपी निकुंज के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से अपराध की दुनिया से जुड़ा हुआ है। पुलिस अब उसके अन्य साथियों और गिरोह से जुड़े लोगों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस ने मुठभेड़ के संबंध में अलग से मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक मोहित चौधरी, उपनिरीक्षक संजय पाल, उपनिरीक्षक अंकित सिंह समेत पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### लूट का चंद घंटों में खुलासा करने पर थाना प्रभारी की सरहाना

**शेरकोट।** लूट के चंद घंटों बाद ही थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व मे अन्य पुलिस टीम द्वारा लूट का खुलासा करने पर चारों ओर प्रशंसा हो रही है। नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से वीरेंद्र कुमार सहित पुलिस टीम को सम्मानित करने की मांग की है।

## शनि जयंती पर धार्मिक कार्यक्रम

**बिजनौर।** झालू रोड स्थित प्रसिद्ध महाशक्ति कालिका मंदिर में शनि जयंती के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध साध्वी प्राची मां कालिका मंदिर पहुंचीं। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए साध्वी प्राची ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोना कम खरीदने और अन्य अपीलों का समर्थन किया। उन्होंने मदरसों में गुरुकुल खोलने की वकालत की और विपक्षी दलों पर तीखे हमले किए। साध्वी प्राची ने कहा कि देश में सनातन संस्कृति को मजबूत करने के लिए ऐसे धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। भंडारे का आयोजन किया गया और शनि देव की आरती-पूजा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर में शनि देव की प्रतिमा भक्तों की आस्था का केंद्र बनी हुई है। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा नेता और बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस आयोजन को शनि जयंती की सार्थकता बताते हुए साध्वी प्राची ने कहा कि शनि देव न्याय के देवता हैं और कर्मों का फल देते हैं। यह कार्यक्रम बिजनौर के धार्मिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण घटना मानी जा रही है। मंदिर प्रशासन ने सभी भक्तों का स्वागत किया और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी।** पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरुकी बस स्टैंड पर नहर के ऊपर नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर पिछले तीन वर्ष से पुलिया निर्माण को लेकर प्रयासरत भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना गत रात्रि पुन: अनिश्चितकालीन धरना देकर क्षेत्र के ग्रामीण बैठ गए। धरना स्थल पर मौजूद भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिजनौर तहसील अध्यक्ष चौधरी कोमन सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्ष से पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के अधिकारी कई बार भारतीय किसान यूनियन के धरने को झूठा आश्वासन के देकर उठा चुके हैं। लेकिन इस बार भारतीय किसान यूनियन पुलिया निर्माण होने तक नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के अधिकारियों के झांसे में न आकर पुलिया निर्माण होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रखेगी। धरने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार, विनीत कुमार मौर्य, तिलकराम खोबे, धर्मवीर सिंह, मूला सिंह, अब्दुल मजीद शशिकांत आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में आई 28 शिकायतें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य है कि एक ही स्थल पर जाकर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए।



### तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण

प्राप्त समाचार के अनुसार डीएम जसजीत कौर आज तहसील नगीना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मंशा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य द्वारा प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को राहत प्राप्त हो।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुन: प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवे. दनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, इसलिए सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें तीन शिकायतों का निस्तारण उपस्थित विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही किया गया।

इस मौके पर एसडीएम नगीना विजय शंकर, चिकित्सा अधिकारी डा.कौशलेंद्र सिंह, तहसीलदार सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# ईंटों के मलबे से सांप रेस्क्यू

## दीवार से मिले एक साल पुराने अंडे, बच्चे पहले ही सुरक्षित बाहर निकल चुके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के दामनगर लकड़ा ग्राम में उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक दीवार के पास एक विशालकाय सांप देखा। सूचना मिलने पर स्थानीय सर्प मित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद सांप का सफल रेस्क्यू किया। इस दौरान ईंटों के मलबे से एक साल पुराने अंडों के खोल भी मिले।





प्राप्त समाचार के अनुसार ग्रामीण खूब सिंह सहित अन्य लोगों ने तुरंत सर्प मित्र बी भास्कर को इसकी जानकारी दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया। सर्प मित्र ने दीवार की ईंटों को हटाना शुरू किया, तो उन्हें वहां 'इंडियन रैट स्नेक' (जिसे आम भाषा में धामन सांप कहा जाता है) दिखाई दिया। ईंटों के मलबे को हटाने के दौरान टीम को सांप के कई अंडे भी मिले। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि यह अंडे करीब एक साल पुराने लग रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन अंडों से बच्चे पहले ही सुरक्षित बाहर निकल चुके थे और मौके पर केवल अंडों के खाली खोल ही बचे थे।

सांप को सुरक्षित पकड़े जाने के बाद ग्राम के लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान सर्प मित्र ने ग्रामीणों को पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांपों को कभी नहीं मारना चाहिए, क्योंकि वे पर्यावरण चक्र, विशेषकर खेतों में चूहों की आबादी को नियंत्रित रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि किसी भी जीव के दिखने पर उसे खुद पकड़ने की कोशिश न करें, बल्कि विशेषज्ञों को सूचित करें। रेस्क्यू किए गए इंडियन रैट स्नेक (धामन सांप) को बाद में आबादी से दूर एक सुरक्षित प्राकृतिक आवास (जंगल) में छोड़ दिया गया।

# खेत में मृत पशु दफनाने को लेकर विवाद

### पीड़ित किसान ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे स्थित एक खेत में मृत पशु को दफनाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। खेत स्वामी ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और जांच की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बैरमनगर निवासी चतरू सिंह का नहटौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे कृषि योग्य खेत है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस में ही रहने वाले एक व्यक्ति की भैंस की मृत्यु हो गई थी। उक्त व्यक्ति ने बिना अनुमति के मृत मवेशी को चतरू सिंह के खेत में ले जाकर दफन कर दिया। चतरू सिंह ने बताया कि जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई और वह इस संबंध में पूछताछ करने आरोपी के पास पहुंचे, तो बात सुलझने के बजाय बिगड़ गई।

आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने अपनी गलती मानने के बजाय पीड़ित किसान के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। स्वामी चतरू सिंह ने स्थानीय पुलिस को तहरीर सौंपी है।

## इम्पीरियल स्कूल के बच्चे गोल्ड मेडल से सम्मानित

**नजीबाबाद।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने दिल्ली ताईक्वांडो एसोसिएशन (पंजीकृत) की ओर से ताल कटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में 13 से 15 मई 2026 तक आयोजित 12वीं ओपन नेशनल ताईक्वांडो चैम्पियनशिप में भाग लिया, जिसमें विद्यालय में कक्षा 11 मैथ्स के शौर्य त्यागी व जतिन तोमर ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक जीतकर अपने स्कूल व कोच वंशिका चौहान का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के चेयरमैन ओमप्रकाश राजपूत व विद्यार्थियों से संबंधित अध्यापकों का शुभकामनाएं दी।

# शिव मंदिर में शनि देव जयंती हर्षोल्लास से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला खातियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर मैढ सभा में शनि देव जयंती का कार्यक्रम हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

प्रात: काल नरेश वर्मा तथा सौरभ वर्मा ने शनि देव की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कराया तथा सरसों का तेल चढ़ाकर उनका चोला परिवर्तित किया। धूप, दीप, फल, फूल, गुड़, तिल आदि से विधिवत पूजा-अर्चना की तथा महिलाओं द्वारा शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। उमा वर्मा ने शनि देव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छाया पुत्र होने के कारण इनका रंग काला था। इसीलिए उनके पिता सूर्य देव तथा इन्हें भाई बहनों का भी तिरस्कार मिला। जिस कारण यह बचपन में उदंडी हो गए थे और इन्होंने हनुमान की आराधना भांग की थी। जिस कारण हनुमान के साथ इनका युद्ध हुआ था और यह घायल हो गए थे। तब हनुमान ने ही तेल लगाकर उनकी पीड़ा का निवारण किया था। तब शनि देव ने कहा था कि जो मुझ पर श्रद्धा भाव से तेल चढ़ाएगा मैं उनकी पीड़ा का हरण करूंगा अन्य ग्रहों की तुलना में यह धीमी गति से चलने वाले ग्रह हैं, इसीलिए इन्हें शनिश्चराय कहा जाता है। महादेव ने इनका सृजन न्याय के देवता के रूप में किया था, लेकिन समय पर इन्होंने अपने गुरु महादेव को तथा अपने पिता सूर्य देव के साथ भी निष्पक्ष न्याय किया था। शनि देव की पूजा उनकी सीधी दृष्टि से बचकर करनी चाहिए, क्योंकि इन्हें अपनी पत्नी से श्राप मिला था। इसके अतिरिक्त शनि देव की महिमा का गुणगान करते हुए महिलाओं ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी।

### महिलाओं ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी



नमीता वर्मा द्वारा 'शनि देव कृपा कीजिए अपने चरणों में जगह दीजिए' सुमन वर्मा द्वारा 'जय-जय शनि देव महाराज जन जन के संकट हरने वाले' कमलेश वर्मा द्वारा 'यह कैसी लगन तुमने प्रभु हमको लगा दी घर बार तो क्या चीज है सारी दुनिया भुला दी।' उमा वर्मा द्वारा 'आज शनिवार है शनि देव का वार है सच्चे मन से जो कोई ध्यावे, उसका बेड़ा पार है' रचना शर्मा द्वारा 'मैंने नाम लिया प्रभु का तो मैं घमंडी हो गई' भजन प्रस्तुत किए तथा अन्य महिलाओं ने भी मनमो. हक भजनों की प्रस्तुति देकर मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर दीपमाला वर्मा, नेहा वर्मा, सुमन वर्मा, कमलेश वर्मा, चाहत वर्मा, स्वाति वर्मा, दीपा वर्मा, ममता वर्मा, नमीता वर्मा, शशि वर्मा, अनीता वर्मा, उमा वर्मा, रुक्मणी वर्मा, पूनम वर्मा, उर्मिला वर्मा, रेनू तोमर, सोमवती, प्रेमवती, रेनू गर्ग, मंजू, प्रेमो तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में शनि देव स्तुति तथा शनि चालीसा करके आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेश वर्मा तथा सौरभ वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**धामपुर।** स्योहारा चुंगी पर स्थित महेंद्र वर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंग. बली बाबा का गुणगान किया गया। भजन 'धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली' यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में महेंद्र वर्मा, ममता वर्मा, आदित्य वर्मा, मोहित वर्मा, शेफाली वर्मा, इशिका वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, अभिषेक वर्मा, जितेंद्र वर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी, राम प्रकाश वर्मा, प्रीतम सैनी, दिनेश राणा, संदीप भारद्वाज, संजीव शर्मा, नंदकिशोर रस्तोगी, निखिल अरोड़ा, सर्वेश गिरी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### वरिष्ठ नागरिक महासमिति का चुनाव संपन्न



**धामपुर।** उ.प्र.वरिष्ठ नागरिक महासमिति की बैठक आर्य समाज मंदिर धामपुर में संपन्न हुई। जिसमें समिति का द्विवार्षिक चुनाव जगद. ीश सिंह संरक्षक, जितेंद्र गहलोत चुनाव अधिकारी एवं गजराज सिंह पर्यवेक्षक के द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अगले दो वर्षों के लिए पूर्व समिति को ही अनुमोदित किया गया। जिसके अंतर्गत अध्यक्ष पद पर धर्मेश कुमार चौहान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, यशपाल सिंह, विनोद चांदना, रामस्वरूप सिंह, विजयपाल सिंह, महिला उपाध्यक्ष सुनीता नंदा, महामंत्री शिव कुमार सिंह, चयनित किए गए। नए पदों में हरीराज सिंह प्रचार मंत्री, राकेश चमोली कार्यालय मंत्री, कुसुम गुप्ता संयुक्त मंत्री चयनित की गई। जिसमें चुनाव सौहार्दपूर्ण संपन्न हुआ। बैठक में अधिकारी एवं चयनित समिति के अलावा ठाकुर सिंह जैतरा, संतोष सिंह सरकड़ा, रामस्वरूप सिंह बरखेड़ा राजेंद्र सिंह रामावतार सिंह राम सिंह सैनी मीडिया प्रभारी आदि लोग मौजूद रहे।

### सम्मान समारोह के लिए विचार-विमर्श



**धामपुर।** ग्राम जैतरा स्थित महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया के आवास पर उनकी अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के सम्मानित वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह को लेकर आपस में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए तथा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम की भव्यता एवं सफल आयोजन हेतु जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, ओमप्रकाश सिंह एवं डा. महेंद्र सिंह को अधिकृत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया, शोभा राजपूत, नरेश वत्स, टीकम सिंह, बेघराज सिंह, चंद्रभान सिंह गहलोत, मीनू सिसोदिया, प्रभात चंद्र आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। अच्छे कार्य के लिए जिला कार्यकारणी को नरेश वत्स (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा स्वाभिमान शौर्य दिवस स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### किसानों के हक के लिए सौंपा संशोधन प्रस्ताव

**नजीबाबाद।** अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने जनपद बिजनौर के विकास व किसानों की समस्याओं को लेकर सराहनीय पहल की है। गन्ना बाहुल्य क्षेत्र बिजनौर की मुख्य समस्या गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के विभिन्न प्रावधानों को लेकर शैलेंद्र चौधरी ने अपनी राष्ट्रीय नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात कर किसानों के हित में प्रभावी पैरवी करते हुए उन्हें संशोधन प्रस्ताव सौंपा है। किसान हितों के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण बिंदुओं में क्षेत्र भ्रमण व जनसंपर्क बिंदुओं में क्षेत्र भ्रमण व जनसंपर्क के दौरान किसानों व क्रेशर संचालकों से मिले। फीडबैक के आधार पर जिला अध्यक्ष ने निम्नलिखित सुधारों पर जिला अध्यक्ष ने निम्नलिखित सुधारों की मांग की। जिसमें सटीक मूल्य निर्धारण गन्ने का रेट तय करते समय केवल चीनी ही नहीं, बल्कि उससे निकलने वाले सह-उत्पादों (शीरा, बिजली, प्रेस मड आदि) की आय को भी आधार बनाए, ताकि किसानों को फसल का सही लाभकारी मूल्य मिल सके।

### सीएम से परिवार की सुरक्षा की गुहार

**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम फजलपुर तबेला निवासी 70 वर्षीय वृद्धा आमना ने थाना प्रभारी को संबोधित प्रार्थना पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है। पत्र में कहा गया है कि उसके ग्राम के एक परिवार के चार लोग उसके परिवार से जातीय रंजिश रखते हैं। पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से अपनी व लड़कों की जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसने सीजेएम बिजनौर के न्यायालय में भी वाद दायर किया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। फैसला करने के लिए एक आरोपी जो तांत्रिक है आएदिन उस पर दबाव बनाता रहता है। पीड़ित महिला को अपने बच्चों की जान का खतरा है। इसलिए वह फैसला नहीं करती। आरोप है कि 12 मई 2026 को उक्त आरोपी लाठी-डंडे लेकर एक राय होकर उसके घर में आ घुसे तथा गंदी-गंदी गालियां देते हुए पीड़िता पर जानलेवा हमला कर उसे व बेटे को घायल कर दिया। पीड़िता अपने पुत्र के साथ थाना नजीबाबाद गई। घटना की लिखित तहरीर दी अपना मेडिकल कराने के लिए कहा। इसी दौरान आरोपी थाने पहुंच गए और उन्होंने अपनी सेटिंग कर रिपोर्ट लिखा ली। जबकि उसे रसीद भी नहीं दी गई। बाद में उसके एसपी कार्यालय बिजनौर पहुंचने पर थाना प्रभारी ने पीड़ित महिला को समीपुर अस्पताल भेज कर मेडिकल कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# स्योहारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन

## मुरादाबाद जनपद से लाई जा रही मिट्टी, नोटों की बारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** लगता है कि स्योहारा थाना क्षेत्र में योगी राज नहीं है। इसीलिए ज्यादातर अवैध कार्य इसी थाना क्षेत्र में हो रहे है। पुलिस के साथ-साथ खनन विभाग, राजस्व विभाग व परिवहन विभाग के अधिकारी भी इस थाना क्षेत्र में मुरादाबाद जनपद से ओवरलोड डम्फरों में लाई जा रही मिट्टी के द्वारा किए जा रहे भराव के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रहे है।





प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र में खुल कर अवैध खनन हो रहा है। जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन डम्फरों को ओवरलोड भर कर भराव किया जा रहा है। पहले तो अवैध खनन रात के समय में होता था। अवैध खनन करने वालों को कार्यवाही का डर सताता था और पुलिस भी अधिकारियों की फटकार से बचने के लिए उन्हें ऐसा करने से रोक देती थी। दिन में सड़कों पर ट्रैफिक होने का हवाला दिया जाता था।

रात भर ओवरलोड डम्फरों को सड़कों पर दौड़ते हुए एवं जेस.ीबी से खनन होते हुए देखा जा सकता था। मगर जब से खनन माफियाओं ने भ्रष्ट तंत्र एवं मीडिया के ऊपर नोटों की बरसात करनी शुरू कर दी है, तब से दिन में भी डंके की चोट पर अवैध खनन के वाहनों को सड़कों पर दौड़ते हुए देखा जा सकता है। ओवरलोड डम्फरों से उड़ने वाली मिट्टी से दूसरे वाहन सवारों को परेशानी होती है। डम्फरों को तिरपाल डाल कर ढका भी नहीं जाता है। डम्फर चालक सड़कों पर इस तरह रौब गालिब करते है, जैसे उन्होंने रिश्वत दे कर इसका ठेका ले लिया है।

सूत्रों का कहना है कि ग्राम लाम्बा खेड़ा में डम्फरों से भराब किया जा रहा है। सहसपुर क्षेत्र में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों में भी दिन भर भराव का काम चल रहा है।

सूत्रों का कहना है कि यह मिट्टी अवैध रूप से मुरादाबाद जनपद से लाई जा रही है। रास्ते में कही भी पुलिस, राजस्व विभाग, खनन विभाग एवं परिवहन विभाग की टीमें इन्हें नहीं रोकती है। इनके द्वारा मीडिया कर्मियों को भी खामोश कर दिया गया है। जिसकी वजह से खनन माफियाओं का काम आसानी के साथ चल रहा है।

### ओवरलोड वाहनों से सड़कें क्षतिग्रस्त

**बिजनौर।** अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही है। यह सड़कें कमीशन खा कर बनाई गई है। जिसकी वजह से इनकी इतनी मजबूती नहीं है कि ओवरलोड डम्फरों का वजन सह सकें। यह सड़कें जगह-जगह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही है। जब सामने से ओवरलोड डम्फर आते है, तो दूसरे चालकों को अपने वाहन बचाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। डम्फर चालक साइड भी नहीं देते है। ग्रामीणों में इसे लेकर गुस्सा है।

## एक नजर

### गंधौर में बसपा की बैठक



**चांदपुर।** ग्राम गंधौर स्थित अंबेडकर धर्मशाला में बहुजन समाज पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने अपने संबोधन में बहुजन समाज के महापुरुषों के बारे में जनता को अवगत कराया और बसपा सरकार में किए गए विकास कार्य की जानकारी दी। विधानसभा प्रभारी चेत. राम सिंह ने आह्वान करते कहा कि हम सभी को मिलकर बसपा सुप्रीमो मायावती को 2027 में प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करना है। विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह ने बूथ कमेटी के गठन के बारे में जनता को अवगत कराया। बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष मुकेश कुमार ने की। संचालन मौहम्मद मोनिस विधानसभा महासचिव ने किया। बैठक में प्रभात कुमार, मौहम्मद मोनिश खान, मौहम्मद कादिर खान, रामपाल सिंह, बबलू सिंह, संजय, बाबू खान, मौहम्मद कादिर, गफ्फार अहमद, जब्बार खान, कलवा सिंह, लल्लू सिंह, चरण सिंह, रामपाल सिंह, मुकेश कुमार, संजय सिंह, मुन्ना सिंह, हरपाल सिंह, डा. अमित कुमार आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इससे पूर्व अकील अंसारी सहित उनके साथ कार्यक्रम मे पहुंचे अन्य अतिथियों का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

### हनुमान धाम पर भंडारे का आयोजन



**किरतपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम पर शनिदेव की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शनिवार सुबह 10 बजे हवन-पूजन शुरू हुआ, जिसके मुख्य यजमान व्यापारी नेता नरेश कालरा व उनकी धर्मपत्नी डेजी कालरा रहीं। पूरे दिन धाम में शनिदेव जी के जयकारे गूंजते रहे। इसके पश्चात दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें देर शाम तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान शनिदेव जी की विशेष पूजा-अर्चना की। धाम को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। धाम पर प्रसाद ग्रहण करने वालों में डा. सूर्यमणि रघुवंशी, शुभ रघुवंशी, नीरज चौधरी, सुशील कर्णवाल, डा. संजय गौड़, सुनील सलूजा, सतीश त्यागी, नवनीत चौधरी, राजेंद्र गौतम, भाजपा नेता अनूप बाल्मीकि, गौरव पाराशर, जितेंद्र मलिक, भीष्म राजपूत, योगेंद्र राजपूत, ललित राजपूत, पूर्व प्रमुख राजबहादुर सिंह, कांति शर्मा, मयंक अग्रवाल, थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी, नवदीप सिंह एड. आदि शामिल रहे। लगभग चार हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान पत्रकार एवं संयोजक हनुमान सिंह चौहान एड. ने सभी भक्तों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### गायत्री शक्तिपीठ में यज्ञ



**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने कहा कि देव संस्कृति के निर्माता यज्ञ पिता और गायत्री माता है। यज्ञ चिकित्सा विज्ञान है, जो वायु प्रदूषण समाप्त करता है। प्राचीन समय में वाजपेय यज्ञ, राजस्यु यज्ञ, अश्वमेध यज्ञ प्रसिद्ध रहे हैं। अश्वमेध यज्ञ सभी यज्ञों का राजा है। चक्रवर्ती सम्राट अश्वमेध यज्ञ आयोजित करते थे। जिससे संपूर्ण राष्ट्र एक सूत्र में बंधता था। यज्ञ त्याग का दूसरा नाम है। यज्ञ से ही षोड्स संस्कार संपन्न होते हैं। गृह प्रवेश, नवरात्रि साधना की पूर्णाहुति, राम चरितमानस, श्रीमद्भागवत कथा का समापन यज्ञ से ही होता है। विनोद चौहान ने षोड्स संस्कारों के महत्व के बारे में बताया। राज भटनागर, एचपी गुप्ता, कामेश शर्मा, रेखा चौहान, पुष्पा शर्मा, रोहताश सिंह, सत्यप्रकाश, प्रभा आदि ने सबको सद्बुद्धि, सबको उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आहुति समर्पित की।

# शेरकोट में बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** हम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ खेल प्रेमियों की भारी मौजूदगी के बीच हुआ। टूर्नामेंट में रहमान क्लब ने जीत हासिल की।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती शाम बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी डा. शाहनवाज, विसाल अहमद एड., शरीक उस्ताद, संस्था के अध्यक्ष मौहम्मद शादाब, उपाध्यक्ष इजहार नबी एवं अन्य पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान संस्था के अध्यक्ष डा. सोहराब ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और आत्मविश्वास पैदा करते हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बनती हैं। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका शरीक उस्ताद ने निभाई। मंच संचालन नदीम इदरीसी ने किया। मुकाबलों की कमेंट्री अब्दुल मुतल्लिब द्वारा की गई। जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दर्शकों का उत्साह बनाए रखा। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला यूनिक क्लब (शोएब) और अरहम क्लब के बीच ऑल सेंट बैडमिंटन कोर्ट पर खेला गया। बेहद रोमांचक मुक.ाबले में अरहम क्लब ने शानदार वापसी करते हुए 9-11, 11-8 और 11-7 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में शेखान स्ट्राइकर (काशिफ) और शेखन फाइटर (जुहैब अली) के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में शेखान स्ट्राइकर ने 9-11, 11-8 और 11-9 से जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में काजी क्लब (मिसबाह) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शेख क्लब को सीधे सेटों में 11-5 और 11-6 से परा.जित किया। चौथे मैच में ब्रदर डिस्ट्रक्शन क्लब ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आरयूएम क्लब को 11-9 और 11-6 से शिकस्त दी। पांचवें मुकाबले में स्मैश वेलोसिटी (अबुजर) और विश्वास क्लब (फाजिल) के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई। स्मैश वेलोसिटी ने दोनों सेट 11-9, 11-9 से जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। छठा मुकाबला नूर क्लब और लुकमान क्लब के बीच खेला गया, जो दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला साबित हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अंतिम क्षणों तक चले मुकाबले में लुकमान क्लब ने 11-7, 8-11 और 15-14 से जीत दर्ज कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। सातवें मुकाबले में हयात क्लब (डा. सोहराब) ने बादशाह क्लब (जीशान) को एकतरफा मुक.ाबले में 11-6, 11-6 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।दिन के अंतिम मुकाबले में इदरीसी क्लब (नदीम) और रहमान क्लब (फैज उर रहमान) आमने-सामने रहे। रहमान क्लब ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 8-11, 11-7 और 11-7 से अपने नाम कर लिया। लीग मुकाबलों में जीत दर्ज करने वाली टीमों ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। आयोजकों के अनुसार आज क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल एवं फाइनल मुक.ाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट को लेकर युवाओं और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।



### रहमान क्लब ने जीता मैच

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** करप्शन फ्री इंडिया नैशनल कॉफ्रेंस तपोवन देहरादून में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कॉफ्रेंस का शुभारंभ राष्ट्रगान, वंदे मातरम के उद्घोष व तपोवन यज्ञशाला में मंत्री श्याम आर्य के सानिध्य में राष्ट्र रक्षा वैदिक यज्ञ से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सपत्नीक मुख्य यज्ञमान बने।

नई दिल्ली से मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जगदम्बा प्रसाद सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत के निर्माण का एक मुख्य स्तंभ है, जिसके लिए सरकार सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक व राजनीतिक संस्थाओं सहित जन-जन के सहयोग से जीरो टॉलरेंस नीति, डिजिटल शासन डिजिटलीकरण व जन जारूकता के माध्यम से भ्रष्टाचार के पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है। एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपामेंट के नेशनल इवेंट कोऑडिनेटर गोल्ड मेडलिस्ट आर्य रत्न डॉ. सौरभ आर्य ने कहा कि देश की सुख, समृद्धि, शांति, समृद्धि, उन्नति एवं प्रगति का मुख्य आधार भ्रष्टाचार मुक्त शासन एवं प्रशासन सुव्यवस्था होती है, जिसके लिए सामुहिक प्रयास की परम आवश्यकता है। क्रांफ्रेंस में मुख्य अतिथि जेपी सिंह व उनकी धर्मपत्नी सोशल एक्टिविस्ट जया सिंह का वैदिक साधन आश्रम तपोवन, सत्यार्थ ग्रुप आफ इंडिया व एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट की ओर से सत्यार्थ अभिनंदन सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वैदिक साधन आश्रम तपोवन के मंत्री श्याम आर्य, एसीआईडी स्टेट डायरेक्टर उत्तराखंड रिंकू खंडेलवाल, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर लाइसन वंशिका वर्मा वंशू, असिस्टेंट डायरेक्टर पुलिस सैल अब्दुल जब्बार सैफी, महिला अधिकार सुरक्षा संगठन से आरिफ खान आदि उच्च अधिकारीगण मौजूद थे।

# ट्रक का टायर फटा डिवाइडर से टकराया



**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम मिरमपुर बेगा के पास बीती रात एक ट्रक का टायर फटने से वह डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक चालक शाहनवाज (40 वर्ष) घायल हो गया। ट्रक मुरादाबाद से हरिद्वार की ओर जा रहा था और उसमें राशन का सामान लदा हुआ था। चालक शाहनवाज ने बताया कि टायर फटने के कारण यह दुर्घटना हुई, जिसमें उसे मामूली चोटें आई हैं। हादसे में ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा है।

# नारी स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा फादर्सन किड्स पैराडाइस में विशाल नारी स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लगभग 480 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। पूरे दिन कैंप में भारी भीड़ बनी रही। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए शिविर स्थल पर टेंट, कूलर तथा शीतल पेय की व्यवस्था की गई। शिविर में उपस्थित महिलाओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। लोगों ने आभा फाउंडेशन के इस सामाजिक प्रयास की प्रशंसा की। संस्था की संस्थापिका आभा सिंह ने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार एवं समृद्ध समाज की आधारशिला होती है। उन्होंने संस्था के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 24 मई को अजदेव खानपुर में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 31 मई को फीना में कूकर वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें विधवा एवं दिव्यांग महिलाओं को कुकर वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के सदस्यों एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।




# कंपनी निदेशक की फर्जी व्हाटसएेप डीपी बनाकर ठगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एक कंपनी कर्मचारी को झांसे में लेकर 94.60 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दे दिया। मामला साइबर क्राइम थाने में दर्ज किया गया है। ठगों ने कंपनी निदेशक की फोटो और नाम का इस्तेमाल कर व्हाट्सऐप पर फर्जी पहचान बनाई और तत्काल भुगतान के नाम पर रकम ट्रांसफर करा ली।




**पीड़ित का विवरण:** पीड़ित अमित कुमार मित्तल ने बताया कि वह सेक्टर-110 स्थित एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। आठ मई को उनके मोबा.इल पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप संदेश आया। प्रोफाइल फोटो में कंपनी निदेशक की तस्वीर लगी थी। आरोपी ने खुद को कंपनी से जुड़ा बताते हुए कहा कि एक कारोबारी का भुगतान करना है। इसके बाद अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कराने का दबाव बनाया गया। आरोपी ने पहले कहा कि कंपनी के आईसीआईसीआई और एचडीएफसी खातों में पर्याप्त धनराशि नहीं है, इसलिए तत्काल दूसरे खाते में भुगतान करना जरूरी है। आरोपी ने एक बैंक खाता नंबर भेजा और उसमें 94.60 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। रकम ट्रांसफर होने के बाद जब पीड़ित ने कंपनी निदेशक से बात की तो पता चला कि उन्होंने किसी भी भुगतान के निर्देश नहीं दिए थे। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ साइबर थाने में एफआईआर कराई है। पुलिस बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है,उसके संबंध में अहम जानकारी मिली है। रकम को फ्रीज और होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**फर्जीवाड़े से बचें:** साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक आजकल अपराधी व्हाट्सऐप डीपी, कंपनी लोगो और अधिकारियों के नाम का इस्तेमाल कर कर्मचारियों को निशाना बना रहे हैं। इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए कुछ सावधानियां बेहद जरूरी हैं। केवल व्हाट्सऐप मैसेज के आधार पर बड़ा भुगतान कभी न करें। रकम ट्रांसफर से पहले संबंधित अधिकारी से कॉल या वीडियो कॉल पर पुष्टि करें।अनजान बैंक खातों में तत्काल भुगतान करने के दबाव से सतर्क रहें। कंपनी में पेमेंट अप्रूवल की दोहरी व्यवस्था लागू करें।

**ठगी होने पर शिकायत:** किसी भी संदिग्ध मैसेज, लिंक या नंबर की1930 तुरंत आईटी और साइबर टीम को जानकारी दें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।साइबर पुलिस का कहना है कि कारोबारी संस्थानों और अकाउंट विभागों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है, क्योंकि अपराधी अब तकनीक और सोशल इंजीनियरिंग के जरिए भरोसा जीतकर बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

**पहले हुई ठगी**

15 जनवरी 2026: सेक्टर-62 की आईटी कंपनी के कर्मचारी से निदेशक बनकर 38 लाख रुपए ट्रांसफर कराए गए।

28 नवंबर 2025: ग्रेटर नोएडा की एक्सपोर्ट कंपनी के अकाउंट विभाग से फर्जी मेल और व्हाट्सऐप के जरिए 52 लाख रुपये की ठगी हुई।

19 अगस्त 2025:सेक्टर-18 स्थित कारोबारी फर्म के मैनेजर से मालिक की फर्जी डीपी लगाकर 21 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा करा लिए गए।

## मोबाइल टावर से लाखों के उपकरण चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** चिपयाना बुजुर्ग स्थित रेलवे लाइन के पास लगे मोबाइल टावर से अज्ञात चोर लाखों रुपये के तकनीकी उपकरण चोरी कर ले गए। मामले में कंपनी प्रतिनिधि ने बिसरख कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एलेवर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का मोबाइल टावर क्षेत्र में स्थापित है। कंपनी प्रतिनिधि चंदन कुमार ने पुलिस को बताया कि 4 मई को तकनीशियन संजीव को टावर साइट से अलार्म मिला। मौके पर पहुंचने पर कई जरूरी उपकरण गायब मिले। कंपनी के अनुसार चोरी हुए उपकरणों की कीमत लाखों रुपये है। काफी तलाश के बाद भी सामान का पता नहीं चल सका। कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, मुरादाबाद

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 03 / बाखमु / 2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहर बंद निविदाएं वर्गीकृत श्रेणी में विभाग द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29.05.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनाक 29.05.2026 के अपरान्ह 3.00 बजे सार्वजनिक रूप से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनित अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जायेगी । निविदादाताओ द्वारा निम्न प्रमाण पत्र मूल रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रस्तुत किये जायेगें तथा उनकी सत्यापित छायाप्रतिया भी ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा जमा की जायेगी। (1) पंजीकरण प्रमाण-पत्र (2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), (3) हैसियत प्रमाण-पत्र (IDT-2) निविदा का मूल्य 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 एवं स्टेशनरी चार्ज सहित जमाकर निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है । निविदा प्रपत्र अधिकृत प्रतिनिधि को ठेकेदार द्वारा प्रदत्त अधिकार पत्र, जिसमें प्रतिनिधि के हस्ताक्षर प्रमाणित हुए हो एवं निर्धारित शुल्क जमा करने के पश्चात ही निविदा निर्गत की जायेगी ।

निविदा प्रपत्र का विक्रय निम्नलिखित कार्यालय के माध्यम से दिनांक 19.05.2026 से 28.05.2026 तक किसी भी कार्य दिवस मे प्रातः 10.00 से अप्रान्ह 4.00 बजे तक किया जायेगा ।

1- बाढ खंड,मुरादाबाद । 2- सिंचाई खंड,मुरादाबाद ।

3- सहायक अभियन्ता द्वितीय बाढ खंड, मुरादाबाद ।

निविदा के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता बाढ खंड,मुरादाबाद के पक्ष में बंधक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी । एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।

| लॉट नं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत बिना जी0एस0टी0 के (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0) सहित | कार्यावधि (दिवस) | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत रामगंगा नदी के बॉये किनारे पर स्थित ग्राम लोधीपुर एहतमाली में कटाव निरोधक कार्य | 8.30 | 16600.00 | 300+18जी0एस0टी | 15 | "सी0 एवं सी से उच्च " |
| 2 | जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत कोसी नदी के दॉये किनारे पर स्थित ग्राम हरपालनगर के डाउनस्ट्रीम में कटाव निरोधक कार्य | 7.24 | 14600.00 | 300+18 जी0एस0टी | 15 | "सी0 एवं सी से उच्च " |
| 3 | जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत रामगंगा नदी के बॉये किनारे पर स्थित बलिया-बलम्भगढ तटबंध के चैनेज 30 मी0 से 70 मी0 तक कटाव निरोधक कार्य | 8.32 | 17000.00 | 300+18 जी0एस0टी | 15 | "सी0 एवं सी से उच्च " |
| 4 | जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत रामगंगा नदी के बॉये किनारे पर स्थित ग्राम लोधीपुर वासु में कटाव निरोधक कार्य | 8.09 | 16500.00 | 300+18 जी0एस0टी | 15 | "सी0 एवं सी से उच्च " |
| 5 | जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत कोसी नदी के दॉये किनारे पर स्थित ग्राम हरपालनगर के अपस्ट्रीम में कटाव निरोधक कार्य | 8.40 | 17000.00 | 300+18 जी0एस0टी | 15 | "सी0 एवं सी से उच्च " |
| 6 | जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत रामगंगा नदी के बॉये किनारे पर स्थित बलिया-बलम्भगढ तटबंध के अपस्ट्रीम में कटाव निरोधक कार्य | 8.15 | 16500.00 | 300+18 जी0एस0टी | 15 | "सी0 एवं सी से उच्च " |

यह निविदा सूचना वेबसाइट (http://upgov.up.nic.in/infotech) सूचना विभाग की वेबसाइड www.idup.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजेश कुमार गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता
बाढ़ खण्ड, मुरादाबाद

UPID-251300, DATE-15/05/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

## एक बेहतर और सुरक्षित समाज का निर्माण हम सब की भागीदारी से ही संभव है: फुरकान अत्तारी



**कुंदरकी।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रतनपुर कलां में दावते इस्लामी इन्डिया के कार्यकर्ताओ ने नुक्कड़ सभा कर समाज में फैली बुराईयों को दूर करने पर जोर दिया संस्था के जिला अध्यक्ष एडवोकेट फुरकान गजाली अत्तारी ने बताया आज के दौर में नशा, अशिक्षा, फिजूलखर्ची, सोशल मीडिया का गलत उपयोग और नैतिक पतन जैसी अनेक बुराइयाँ समाज को प्रभावित कर रही हैं। हमारा सभी से अनुरोध है कि अपने क्षेत्र, मोहल्ले और परिवार में अच्छे वातावरण को बढ़ावा दें तथा युवाओं और बच्चों को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास करें।

अच्छे संस्कार अपनाएँ शिक्षा और जागरूकता फैलाएँ समाज में भाईचारा और इंसानियत को मजबूत करें। हर प्रकार की सामाजिक बुराइयों के खिलाफ मिलकर कार्य करें एक बेहतर और सुरक्षित समाज का निर्माण हम सबकी भागीदारी से ही संभव है। इसे अवसर पर शाहेदीन अत्तारी खघ्लील अत्तारी और इमाम साहब आदि मौजूद रहे।

## हज करने वाले के सारे गुनाह माफ कर दिए जाते हैं: मुफ्ती गुलफाम रजा

**कुंदरकी।** नगर के समाज सेवी हाजी हसमत रजा उस्मानी के छोटे भाई के सफरे हज के मौके पर जश्ने हज कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें औलामा अहले सुन्नत ने हज की फजिलत पर रोशनी डाली कान्फ्रेंस का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हाफिज आजम



हनफी ने किया और नबी ए करीम की शान में कलाम पेश किया इसके बाद मुफ्ती गुलफाम रजा रामपुरी ने सफरे ए हज और मदीने पाक की हाजिरी का तरीका बताया और कहा उनके तुफैल हज भी खुदा ने करा दिये असले मुराद हाजिरी उस पाक दर की है।

इनके साथ साथ कारी अब्दुल वकील कघरी मेराजुल हसन बरकाती आदि ने भी खिताब किया कान्फ्रेंस का संचालन कघरी मुनाजिर रजा ने किया इस मौके पर मुफ्ती मोहम्मद राशिद आफाकघी कघरी इन्तजार रजवी कघरी महफूज हशमत रजा उस्मानी आदि मौजूद रहे।

## दिन में जलती मिलीं सड़क लाइटें, लोगों ने उठाए बिजली बचत पर सवाल

**चन्दौसी।** एक ओर प्रदेश सरकार ऊर्जा संरक्षण और बिजली बचत को लेकर लगातार अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर नगर में दिन के समय भी सड़क लाइटें जलती रहने से लोगों ने नाराजगी जताई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार जहां बिजली की खपत कम करने और ऊर्जा बचाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है, वहीं नगरपालिका की



लापरवाही के कारण अनावश्यक बिजली खर्च हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों का कम उपयोग करने तथा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। लोगों को घरों और प्रतिष्ठानों पर सोलर प्लेट लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि बिजली की बचत हो सके। मुख्यमंत्री की ओर से भी सरकारी कार्यालयों और प्रतिष्ठानों के बाहर दिन में लाइटें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद नगर के कई इलाकों में नगरपालिका के खंभों पर लगी स्ट्रीट लाइटें दिन के समय भी जलती दिखाई दे रही हैं। लोगों का कहना है कि इससे न केवल बिजली की बर्बादी हो रही है बल्कि सरकार के ऊर्जा बचत अभियान की भी अनदेखी हो रही है। नगरवासियों ने सुझाव दिया है कि नगरपालिका को ऐसा स्वचालित सर्किट सिस्टम तैयार करना चाहिए जिससे दिन निकलते ही लाइटें स्वत: बंद हो जाएं। इसके अलावा वार्ड स्तर पर खंभों में अलग से स्विच लगाने की व्यवस्था भी की जा सकती है, ताकि जरूरत पड़ने पर लाइटों को नियंत्रित किया जा सके। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान कराने की मांग की है, जिससे बिजली की अनावश्यक खपत रोकी जा सके और ऊर्जा बचत अभियान को सफल बनाया जा सके।

# भोले-भाले बुजुर्गों को बातों में फंसाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मुगलपुरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने भोले-भाले बुजुर्गों को बातों में फंसाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की धनराशि भी बरामद की गई है।पुलिस के अनुसार थाना मुगलपुरा में दिनांक 16 मई को मुकदमे दर्ज किए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर सुनीता दहिया के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के. के. राणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों और एक किशोर अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सुहेब उर्फ सुऐब पुत्र जब्बार, उवैश पुत्र मोहम्मद खुर्शीद, अदनान खान पुत्र इस्तियाक खान, साकिब उर्फ बब्बू पुत्र इशरत अली तथा किशोर अपचारी हसनैन उर्फ मुन्ना शामिल हैं। सभी आरोपी थाना मुगलपुरा क्षेत्र के कुंवर साहब वाली गली, बेकरी के पास के निवासी बताए गए हैं।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बुजुर्ग लोगों को बातचीत में उलझाकर उनके पास मौजूद नकदी और सामान चोरी कर लेते थे। थाना मुगलपुरा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने मुगलपुरा पुलिस की सराहना करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।




# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा आईएफटीएम बिजनेस इन्क्यूबेशन फाउंडेशन (आईएफटीएम-बीआईएफ) एवं स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स (एससीएसए) कंप्यूटर एप्लीकेशन्स के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष रंजन पांडेय ने बताया कि विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। ताकि युवा अपने विचारों को व्यवहारिक एवं सफल मॉडल में परिवर्तित कर सकें। के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता व बाबू शिवनाथ अग्रवाल (पीजी) कॉलेज, मथुरा के डॉ. संजय कुमार ने प्रतिभागियों को स्टार्ट-अप आइडिया चयन, व्यवहार्यता विश्लेषण, बाजार संभावनाओं एवं कॉन्सेप्ट डेवलपमेंट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराईं। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों एवं केस स्टडी के माध्यम से विद्यार्थियों को नवाचार आधारित सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को आइडिया से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। आईएफटीएम- बीआईएफ के अध्यक्ष डॉ. वैभव त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को नवाचार एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया। आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कार्यशाला की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों



में नवाचार एवं उद्यमिता की भावना को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस मौके पर एससीएसए के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान दौर प्रतिस्पर्धा का है, इसलिए विद्यार्थियों को समय रहते प्रशिक्षित करना अनिवार्य है। वहीं कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी रही। स्कूल के शिक्षक डॉ. अभिषेक मिश्रा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ तकनीकी एवं शोध आधारित विचारों पर चर्चा की। कंप्यूटर एप्लीकेशन्स के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष रंजन पांडेय ने बताया कि विद्यार्थियों में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। ताकि युवा अपने विचारों को व्यवहारिक एवं सफल मॉडल में परिवर्तित कर सकें। कार्यक्रम का संचालन कार्यशाला के समन्वयक डॉ. ललित जोहरी ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के कुल 57 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला के विभिन्न तकनीकी एवं नवाचार आधारित सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अभिषेक मिश्रा द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं प्रतिनिधियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने आयोजन की सफलता में सहयोग प्रदान करने वाले सभी विभागों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### अगवानपुर में आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम बच्ची पर किया हमला, जिला अस्पताल में भर्ती



**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित अगवानपुर इलाके में आवारा कुत्तों के झुंड ने सात वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।जानकारी के अनुसार अगवानपुर निवासी सात वर्षीय अमायरा अपने कुछ दोस्तों के साथ पिता के लिए खाना लेकर पास के बाग में जा रही थी। बच्ची के पिता बाग में काम कर रहे थे। रास्ते में अचानक आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने बच्ची को घेर लिया और उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों के हमलावर होते ही साथ चल रहे अन्य बच्चे घबरा गए और मौके से भाग निकले।बताया जा रहा है कि कुत्तों के झुंड ने अमायरा के सिर, गर्दन और शरीर के कई हिस्सों पर बुरी तरह काट लिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्ची की जान बचाई। इसके बाद परिजन घायल बच्ची को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज किया जा रहा है।घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है और कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।घायल बच्ची के चाचा इमरान ने बताया कि बच्ची की हालत अब पहले से बेहतर है, लेकिन घटना के बाद परिवार काफी डरा हुआ है।

### कबीर गली में झील जैसा नजारा

**चन्दौसी।** नगरपालिका द्वारा जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए कराया जा रहा नाला निर्माण कार्य अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। पिछले करीब चार माह से चल रहे निर्माण कार्य के दौरान उचित व्यवस्था न होने से सीकरी गेट से कबीर गली तिराहे तक रोजाना जलभराव की स्थिति बनी हुई है। गंदे पानी के बीच लोगों को आवाजाही करनी पड़ रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा नाले के लिए अस्थायी पुलिया और पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में डेयरियां संचालित हैं, जहां गोबर बहाने और सफाई के लिए समरसेबिल का अधिक उपयोग किया जाता है। अधिक पानी नालियों में आने से अस्थायी नाले बार-बार ओवरफ्लो हो रहे हैं और सड़कों पर गंदा पानी भर जाता है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि दो माह पहले इसी जलभराव के कारण एक दर्दनाक हादसा भी हो चुका है।

फैजगंज बेहटा निवासी एक मजदूर की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर नाराजगी जताई थी। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान कराने और निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित, दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**चन्दौसी।** रविवार को क्षेत्र में भीषण गर्मी और तेज धूप ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया। सुबह से ही आसमान से आग बरसती नजर आई तथा दोपहर होते-होते तापमान में और अधिक बढ़ोतरी हो गई। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर दिखाई दिए। आवश्यक कार्य होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले। दोपहर के समय मुख्य बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम भीड़ देखने को मिली। गर्मी का असर सबसे अधिक दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और राहगीरों पर देखने को मिला। तेज धूप के कारण कई लोग छाते, गमछे और सिर पर कपड़ा बांधकर निकलते नजर आए। गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजारों में ठंडे पेय पदार्थ, शिकंजी, जूस, नारियल पानी और आइसक्रीम की बिक्री में तेजी देखी गई। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, अधिक मात्रा में पानी पीने तथा हल्का भोजन करने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है।

# ट्रेन मैनेजर की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, छात्रा की बची जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को ट्रेन मैनेजर की सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना गाड़ी संख्या





54391 में स्टेशन राजा का सहसपुर पर हुई, जहां एक छात्रा चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के साथ घिसटने लगी। मौके पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और स्थिति बेहद गंभीर हो गई।घटना के समय ड्यूटी पर तैनात ट्रेन मैनेजर श ओमकार सिंह (द्वितीय) ने असाधारण सतर्कता का परिचय देते हुए तुरंत स्थिति को भांप लिया। उन्होंने बिना देर किए तत्काल प्रेशर लगाकर ट्रेन को रुकवाने की कार्रवाई की। उनकी सूझबूझ और त्वरित निर्णय के चलते ट्रेन समय रहते रुक गई और छात्रा की जान बच गई।बताया गया कि हादसे के दौरान छात्रा ने भी साहस और धैर्य का परिचय देते हुए ट्रेन के हैंडल को मजबूती से पकड़े रखा, जिससे ट्रेन रुकने तक स्थिति नियंत्रण में बनी रही। समय रहते ट्रेन रुक जाने से छात्रा सुरक्षित बच गई और बड़ा हादसा टल गया।घटना के बाद छात्रा और उसके परिजनों ने ट्रेन मैनेजर श्री ओमकार सिंह तथा रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया। परिजनों ने रेलवे कर्मचारियों की तत्परता, संवेदनशीलता और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल ने भी ट्रेन मैनेजर ओमकार सिंह की कर्तव्यनिष्ठा, सजगता और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन मैनेजर केवल ट्रेन संचालन ही नहीं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के सजग प्रहरी के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# वनवे व्यवस्था और पुलिस तैनाती से बाजार में जाम से मिली राहत

**चन्दौसी।** नगर में लगातार बढ़ रही यातायात समस्या के बीच पुलिस प्रशासन द्वारा की गई नई व्यवस्था से लोगों को कुछ राहत मिलती दिखाई दे रही है। मुख्य बाजार और व्यस्त मार्गों पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती तथा ई-रिक्शाओं के लिए वनवे व्यवस्था लागू किए जाने के बाद जाम की स्थिति में सुधार देखने को मिला है। नगर में इस समय करीब 3500 से अधिक ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जिनकी वजह से प्रमुख बाजारों और संकरी सड़कों पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी।

व्यापार मंडल ने भी बढ़ती अव्यवस्था और जाम को लेकर प्रशासन से शिकायत दर्ज कराते हुए प्रभावी कदम उठाने की मांग की थी। इसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया। पिछले सप्ताह से पुलिस अधीक्षक संभल के.के. बिश्नोई के निर्देशन में लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मियों को नगर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात किया गया है। फुब्बारा चौक, संभल गेट, 35बी रेलवे फाटक सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिसकर्मी लगातार यातायात संचालन में जुटे हुए हैं। विशेष रूप से फुब्बारा चौक पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी ई-रिक्शाओं को वनवे व्यवस्था के तहत नियंत्रित कर यातायात को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे हैं।

भीषण गर्मी के बावजूद पुलिसकर्मी सड़क पर डटे रहकर व्यवस्था संभालते नजर आ रहे हैं। व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता से बाजार क्षेत्र में पहले की तुलना में जाम की स्थिति में सुधार हुआ है। लोगों ने प्रशासन से इस व्यवस्था को नियमित रूप से जारी रखने की मांग की है, ताकि शहरवासियों को स्थायी राहत मिल सके।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, छत्रपति शिवाजी महाराज समिति ने किया समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में छत्रपति शिवाजी महाराज समिति द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ईपीसीएच अध्यक्ष नीरज, एसपी ग्रामीण आकाश सिंह, एडवोकेट सुधीर गुप्ता, वीपी गुप्ता, सीओ सिटी सुनिता दहिया, राजकुमार जादूगर, केके मिश्रा, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार, डॉ. मुकेश अग्रवाल, संजय संयाल, संदीप जैन एवं श्रीमती जी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा और जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, कल्पना चावला, रोमन सैनी और सैफिन हसन जैसी महान हस्तियों के प्रेरणादायक जीवन प्रसंग भी दिखाए गए।

वहीं राजकुमार जादूगर द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो ने सभी का मनोरंजन किया।समारोह में यूपीएससी, यूपीपीसीएस और सीए जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले ऋषभ शर्मा, श्रीजीत गंगवार, डॉ. दीपशिखा और सीए शौर्य खुराना सहित कई मेधावियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सीबीएसई, आईसीएसई और यूपी बोर्ड के 17 विद्यालयों के लगभग 140 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम के अंत में समिति पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान किया। वहीं वरिष्ठ उद्यमी संदीप जैन ने ट्रस्ट बनाकर जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नरेंद्र सिक्का,मुदित उपाध्याय,शिबू पांडे,अनुज सिंह, विशाल गुप्ता,पवन कपूर,अरुण ठाकुर, सरदार इंद्रजीत सिंह,आकाश कुमार, भारत अरोरा, राहुल कुमार, नितेश सिंह,सुरेश सैनी, नितेश राजपूत, उमेश ठाकुर,प्रदीप ठाकुर, मयंक आदि मौजूद रहे।

## पीतल कारोबारी के घर पड़ी डकैती का मामला तीन और बदमाश गिरफ्तार, 23 लाख रुपये बरामद

**मुरादाबाद।** शहर के थाना नागफनी क्षेत्र में पीतल कारोबारी के घर हुई सनसनीखेज डकैती के मामले में पुलिस ने तीन और बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 23 लाख 5 हजार रुपये की नकदी, अवैध हथियार और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।जानकारी के अनुसार, 11 मई की रात अकबर कम्पाउंड निवासी पीतल कारोबारी मोहम्मद इमरान के घर पर हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया था। बदमाशों ने परिवार को तमंचों के बल पर आतंकित कर नगदी और जेवरात लूट लिए थे। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना नागफनी में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह और क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर सुनीता दहिया के नेतृत्व में कई टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने 14 मई को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया था। उस दौरान 47 लाख 24 हजार रुपये की नकदी, अवैध तमंचे, कारतूस और दो कारें बरामद की गई थीं।पुलिस पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर नदीम, बिट्टू उर्फ सतेन्द्र और आदित्य के नाम भी प्रकाश में आए। इसके बाद थाना नागफनी पुलिस ने रविवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 23 लाख 5 हजार रुपये नकद, तीन स्मार्टफोन, दो तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 32 बोर और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए।गिरफ्तार आरोपियों में नदीम पुत्र जमील निवासी पपसरा खादर थाना गजरौला, बिट्टू उर्फ सतेन्द्र पुत्र शीशपाल और आदित्य पुत्र ब्रह्मपाल निवासी तिगरिया भूड़ थाना गजरौला जनपद अमरोहा शामिल हैं। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# नाला निर्माण स्थल पर फंसा पाइपों से भरा कैंटर, ठेकेदार की लापरवाही पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कैथल क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोहे के पाइपों से भरा एक कैंटर वाहन कच्चे रास्ते में फंस गया। घटना के बाद काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा तथा वाहन निकालने के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



जानकारी के अनुसार कैंटर वाहन संख्या यूपी 13 सीटी 6419 करीब छह टन लोहे के पाइप लेकर चन्दौसी पहुंचा था। वाहन चालक को रामबाग रोड की ओर जाना था, लेकिन बाहरी क्षेत्र का होने के कारण वह रास्ता भटक गया और कैथल के बाहरी मार्ग की ओर पहुंच गया। बताया गया कि कैथल चौकी से लगभग 200 मीटर पहले नाला निर्माण कार्य चल रहा था, जहां जेसीबी मशीन से खुदाई की गई थी। निर्माण स्थल के पास मिट्टी कच्ची होने के बावजूद वहां किसी प्रकार की बैरिकेडिंग या चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए थे। चालक को रास्ता सही प्रतीत हुआ और उसने कैंटर को उसी दिशा में आगे बढ़ा दिया। भारी वाहन होने के कारण कच्ची मिट्टी धंस गई और कैंटर के पहिए चौसिस तक जमीन में फंस गए। वाहन फंसने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पहले ट्रैक्टर की मदद से कैंटर को बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन अधिक वजन होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। बाद में हाइड्रोलिक मशीन मंगाकर काफी प्रयास के बाद वाहन और पाइपों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यदि निर्माण स्थल पर समय रहते बैरिकेडिंग लगाई जाती तो यह घटना नहीं होती। लोगों ने संबंधित ठेकेदार की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# आईएफटीईएम में 'व्यक्तित्व विकास' विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ द्वारा मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल के सहयोग से ''व्यक्तित्व विकास'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने सेमिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह सेमिनार विधि के विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में एसआरएम विश्वविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा में विधि विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि ज्ञान के साथ व्यक्तित्व का जीवन के हर क्षेत्र में व्यापक प्रभाव पड़ता है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों में व्यक्तित्व का विकास बहुत आवश्यक है। डॉ. गौतम ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वकालत के पेशे में व्यक्तित्व विकास का अत्यंत महत्व है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के लिए प्रारम्भ से ही प्रशिक्षित किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि इंटरव्यू में भी इसका लाभ विद्यार्थी ले सकें। इस मौके पर स्कूल ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थी व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक पहलुओं से अवगत हुए। सेमिनार में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.बी. मिश्रा ने मुख्य अतिथि डॉ. गौतम को बुके और प्रतीक-चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। सेमिनार के सफल आयोजन में आयोजन सचिव श्री गौरव भारती तथा मेंटरिंग एंड काउंसलिंग सेल के समन्वयक श्री संजय सिंह की विशेष भूमिका रही। इस दौरान स्कूल ऑफ लॉ के शिक्षकों डॉ. अरुण कुमार सिंह, डॉ. उदय वीर सिंह, डॉ. मनीषा मटोलिया, डॉ. चित्रा सिंह, डॉ. सरिता, श्री दिनेश सिंह सागर, श्री अनुप्रास रजत समेत अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक श्री विवेकानंद द्वारा किया गया। सेमिनार में स्कूल ऑफ लॉ के 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।




## नागरिक परिषद की बैठक, जलभराव और बढ़ती फीस समेत जनहित के मुद्दों पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के बृजरतन बैंक्विट हॉल में आयोजित नागरिक परिषद बिलारी की बैठक में नगर की विभिन्न जनसमस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जलभराव, जल निक. ासी व्यवस्था, कूड़ा एवं पानी पर लगाए जा रहे टैक्स, स्मार्ट मीटर और निजी स्कूलों की बढ़ती फीस जैसे विषय प्रमुख रूप से उठाए गए। बैठक की अध्यक्षता साहू सुनील सहाय ने की। सर्वसम्मति से डॉ. जितेंद्र दक्ष को कार्य समिति का संयोजक नियुक्त किया गया। तिलक राज चांदना को मीडिया प्रभारी तथा नईम अहमद (कंप्यूटर सेंटर) को जन शिकायतों की सूचना एकत्र करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में राकेश कुमार यादव सभासद, रोहन सामाजिक, हाजी माजिद हुसैन अंसारी प्रधान, सलीम प्रधान, डॉ. अनीश अहमद पूर्व प्रधान, किशन लाल प्रजापति, रंजीत यादव, फैसल रजा, रविशंकर रस्तोगी, अनिल गुप्ता, राहत जान सहित कई लोगों को सदस्य बनाया गया।

## थाना डिलारी में नवनिर्मित कायाकल्प कार्यालय व नगर पंचायत ढकिया में पुलिस चौकी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जनपद के थाना डिलारी में रविवार को प्रभारी निरीक्षक के नवनिर्मित कायाकल्प कार्यालय का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुमार आकाश सिंह व ठाकुरद्वारा उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत नगर पंचायत ढकिया में नवनिर्मित पुलिस चौकी का भी उद्घाटन किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि नई पुलिस चौकी बनने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आम जनता को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के नीटू चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### ठिएबंदी को लेकर हुई मारपीट में अदालत के आदेश से तीन पर एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना क्षेत्र के मनकुआं निवासी सोनम पत्नी उपेंद्र का कहना था कि उनके व दीपक आदि के बीच ठिएबंदी को लेकर विवाद चल रहा है दूसरे पक्ष ने उनके खेत में मेंड़ लगा रखी है तथा राजस्व न्यायालय में बाद विचाराधीन होने के बावजूद भी वह उनकी भूमि हड़पने की फिराक में है और बात-बात पर मारपीट करने पर उतारू रहते हैं। घटना 23 मार्च की है शाम करीब 4:00 बजे उसका पति उपेंद्र खेत से लौट रहा था तो अकेला देखकर दीपक ने जान से मारने की नीयत से उसके पति पर हमला कर दिया जिससे उसके सर एवं गर्दन पर काफी चोट आई हुकम सिंह ने तमंचा निकालकर फायर किया पूजा ने उपेंद्र को पकड़ते हुए कहा कि बहुत नेता बनता है इसका आज काम तमाम कर दो उक्त घटना में उसके पति के सर एवं शरीर के अन्य हिस्सो में काफी चोट आई गांव वालों की मदद से उपेंद्र घर पहुंचा आरोप है कि मुलजिम पक्ष ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर उल्टा उसे ही जेल भिजवा दिया। महिला ने दूसरे पक्ष पर और भी कई गंभीर आरोप लगाए उसने कहा कि पुलिस ने भी उनकी कोई सुनवाई नहीं कि आखिर में महिला अदालत पहुंची और हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की न्यायालय के आदेश से पुलिस ने तीन नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल का मशरुर आलम ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**कांठ( शाह टाइम्स )** फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल के शोरूम का आज मुस्कान मोटर के पास शुभारंभ हो गया जिसका उद्घाटन नगीना निवासी मशरुर आलम ने फीता काट कर किया शोरूम के संचालक तफ्सीर आलम ने बताया कि आज के दौर में पेट्रोल के दाम निरंतर बढ़ते जा रहे हैं और ऐसे हालात में बाइक से सफर करना काफी महंगा साबित हो रहा है उधर प्रधानमंत्री भी पेट्रोल को बचाने की बात कर रहे हैं इसलिए ईवी ही एक ऐसा माध्यम है जिसे लोग कम दामों में खरीद कर तेल की बचत कर सकते हैं।

ईसी बात को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने इलेक्ट्रिक बाइक के शोरूम का शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि 50 किलोमीटर से लेकर 120 किलोमीटर तक के वेरिएंट उनके पास उपलब्ध है और फाइनेंस की भी माकूल व्यवस्था है उन्होंने क्षेत्र के लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया इस मौके पर हाफिज तनवीर आलम तंजील आलम जुल्फिकार अहमद पूर्व विधायक अनीसुर्रहमान सैफी कादर आफाक जगबीर सिंह रसूलपुर फिरोज अनवर सहित नेता व्यापारी और समाजसेवी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

### तालीम से तरक्की का संदेश: रंगरेज फाउंडेशन ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** शहर के हरथला क्षेत्र में अखिल भारतीय रंगरेज फाउंडेशन द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रंगरेज बिरादरी के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और बच्चों को बेहतर तालीम के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह में शहर की कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि शिक्षा ही समाज की तरक्की की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही मजबूत और विकसित समाज बन सकता है। उन्होंने मेधावी बच्चों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना संस्था की प्राथमिकता है। मंच से बच्चों को मेहनत, अनुशासन और शिक्षा के महत्व का संदेश दिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में तालीम ही वह ताकत है, जो समाज को नई पहचान दिला सकती है।कार्यक्रम के दौरान बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। समारोह का समापन समाज की तरक्की और शिक्षा के प्रसार के संकल्प के साथ किया गया।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान, 5 डंपरों का चालान, 6 ओवरलोड वाहन सीज

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशों के अनुपालन में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद श्री आनंद निर्मल के नेतृत्व मे दिल्ली रोड और ठाकुरद्वारा रोड पर ओवर स्पीड डंपरों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 05 डंपरों का ओवरस्पीड में चालान किए गए।



इस अभियान में 06 अन्य ओवरलोड वाहनों को भी संभागीय परिवहन कार्यालय मुरादाबाद तथा थाना पाकबड़ा मुरादाबाद में निरुद्ध किया गया तथा उन पर करीब 03 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन ) मुरादाबाद ने वाहन चालकों विशेष रूप से डंपर चालकों से अपील की है कि वह निर्धारित गति सीमा में ही अपने वाहनों का संचालन करें जिससे कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रभावी प्रवर्तन हेतु अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### फर्जी दस्तावेजों के जरिए साढ़े चार लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में बिलारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके और उनके रिश्तेदारों के नाम का गलत इस्तेमाल किया तथा करीब साढ़े चार लाख रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। मामले की जांच के दौरान पुलिस को एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी मिली थी। इसी क्रम में पुलिस ने ग्राम चांदपुर गणेश निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ठगी करने वाले गिरोह से जुड़ा हुआ है। इससे पहले इसी मामले में गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संबंधित पहलुओं की भी जांच की जा रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका खंगाली जा रही है।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर हुआ भव्य समारोह

**मुरादाबाद।** शहर के चेयरमैन हाउस, निकट रामलीला मैदान में सम्राट पृथ्वीराज चौहान एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर दोनों महान राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डा. जयपाल सिंह व्यस्त तथा मुख्य वक्ता प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया।अपने संबोधन में वक्ताओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान और महाराणा प्रताप के शौर्य, राष्ट्रभक्ति और त्याग को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों ने देश, धर्म और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और पूरे परिसर में देशभक्ति एवं गौरव का वातावरण देखने को मिला। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## दहेज हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल की मांग का आरोप

**भोजपुर।** वादी की तहरीर पर भोजपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।वादी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्र ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री से दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर उसे तंग किया जाता था। मांग पूरी न करने पर वादी की पुत्री की दहेज हत्या कर दी गई।तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में रविवार को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम सेहल थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।



## सपा में शामिल होकर घर पहुंचे मुजाहिद अली के समर्थकों ने किया फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** पूर्व डिलारी ब्लॉक प्रमुख मुजाहिद अली ने अपने भाई पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी शावेज अली सहित भारती समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता लखनऊ में ग्रहण की और इसके बाद रविवार की शाम वह अपने घर सैयदपुरा पहुंचे तो समर्थकों की भीड़ ने जमकर नारेबाजी करते हुए उन्हें घेर लिया और जमकर फूलों की वर्षा करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया। पूर्व डिलारी ब्लॉक प्रमुख मुजाहिद अली ने अपने भाई पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी शावेज अली और दर्जनों समर्थकों के साथ लखनऊ में बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनका सपा में शामिल होने पर स्वागत किया था। रविवार की शाम मुजाहिद अली का काफिला जैसे ही उनके पैतृक गांव सैयदपुरा पहुंचा तो पहले से ही उनके पास पर मौजूद सैकड़ों समर्थकों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और पुष्प वर्षा करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया। इस दौरान मुजाहिद अली ने समर्थकों को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और अपने समर्थको का आभार जताया। इस मौके पर राजपुर केसरिया के प्रधान ऋतुराज सिंह, पूर्व प्रधान शौकत अली, जायबुल हसन, मुर्तजा अली आदि मौजूद रहे।



## अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत

### संगठन को मजबूत बनाने के लिए तहसील को चार सेक्टरों में बांटने का प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह का बिलारी पहुंचने पर तहसील कार्यकारिणी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बिलारी स्थित अंबेडकर पार्क में किया गया, जहां संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह के साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दौलत सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना लाल सिंह, जेपी सिंह तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीपी सिंह भी मुरादाबाद से बिलारी पहुंचे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान बिलारी तहसील अध्यक्ष डॉ. जगतपाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनवीर सिंह, उपाध्यक्ष कुंवर सिंह, रामवीर सिंह नेताजी, डॉ. विजय दीप, प्रेम किशोर, रामखिलाड़ी, डॉ. चरण सिंह, लाल सिंह और राम अवतार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिलारी तहसील को चार सेक्टरों में विभाजित किया जाना चाहिए तथा प्रत्येक सेक्टर के लिए अलग प्रभारी नियुक्त किए जाने चाहिए, जिससे संगठनात्मक गति. विधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके प्रस्ताव का समर्थन किया।

तहसील अध्यक्ष डॉ. जगतपाल सिंह ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में तहसील की सभी शाखाओं को और अधिक सक्रिय किया जाएगा तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संगठन की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



## ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत

**कांठ( शाह टाइम्स )** सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है भीकनपुर निवासी राजपाल सिंह का कहना था कि 16 मई को करीब 7:30 बजे उसका लड़का जितेंद्र अपने साथी नसीम निवासी भीकनपुर के साथ छजलैट से घर वापस जा रहा था जब वह ढाका धर्म कांटे के सामने पहुंचा तो एक ट्रैक्टर जिसमें लकड़ी भरी हुई थी ने लापरवाही से ट्रैक्टर चला कर लड़के की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसमें जितेंद्र और उसके साथी नसीम को काफी चोटे आई एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी कांठ में ले जाया गया लेकिन हालत खराब होने पर दोनों को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया उपचार के दौरान जितेंद्र की मौत हो गई राजपाल सिंह आज थाने पहुंचा और उसने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## प्रतिभाशाली छात्रा निहारिका चौधरी को किया गया सम्मानित

**बिलारी।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद मुरादाबाद में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर पांचवां स्थान हासिल करने वाली छात्रा निहारिका चौधरी को सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान द्वारा "मोहम्मद इरफान एजुकेशनल अवार्ड" से सम्मानित किया गया। सपा कैम्प कार्यालय एम आई हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। मोहल्ला शांतिपुरम बिलारी निवासी छात्रा निहारिका चौधरी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि बेटियां आज शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं और उनकी सफलता समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे देश और समाज को नई दिशा मिलती है। छात्रा निहारिका चौधरी ने बताया कि उनका सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। निहारिका चौधरी के पिता जीतम सिंह मुरादाबाद की एक निजी फर्म में कार्यरत हैं। परिवार की मेहनत और छात्रा की लगन ने यह मुकाम दिलाया है। इस दौरान मुख्य रूप से जीतम सिंह, लक्ष्य चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान, विधानसभा यूथ ब्रिगेड रमाकांत सैनी, ग्राम प्रधान महबूब हुसैन, ग्राम प्रधान पति सद्दाम सैफी, सभासद आमिल सिद्दीकी, सभासद जरीफ अंसारी, सभासद हप्पू राजा, सभासद पति रसीद पन्ना, शिशुपाल यादव, रामबाबू वाल्मीकि, रियाज पाशा, फैसल इरफान आदि मौजूद रहे।



## पटना में सोशलिस्ट पार्टी का 92वां स्थापना समारोह संपन्न

### समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** पटना स्थित बाबू जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान में सोशलिस्ट पार्टी के 92वें स्थापना समारोह एवं "सोशलिस्ट संवाद" कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे समाजवादी चिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं युवाओं ने भाग लेकर समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और वर्तमान सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर गंभीर चर्चा की। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडे विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समाजवाद केवल एक राजनीतिक विचारधारा नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और समान अवसर पहुंचाने का सतत आंदोलन है। उन्होंने सामाजिक असमानता, लो. कतंत्र और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश से पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता कपिल राज एवं प्रेम कुमार प्रेम का संसदीय बोर्ड के चेयरमैन तहसीन अहमद तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष धनंजय कुमार सिन्हा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। दोनों सामाजिक कार्यकर्ताओं को समाजवादी विचारधारा, सामाजिक जागरूकता एवं जनहित के मुद्दों पर सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने समाजवादी एकता, सामाजिक परिवर्तन और लोकतांत्रिक संघर्ष के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया।

वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1934 में पटना की धरती से शुरू हुआ समा. जवादी आंदोलन आज भी गरीब, मजदूर, किसान, दलित, पिछड़े और वंचित समाज की आवाज बना हुआ है। वक्ताओं ने युवाओं से संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक भाईचारे की रक्षा के लिए वैचारिक संघर्ष को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। समारोह में विभिन्न राज्यों से आए सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, युवा एवं समाजवादी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान समाजवादी विचारधारा और सामाजिक चेतना को लेकर उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक माहौल देखने को मिला।




**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**फ्यूज़न फाइनेंस लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय का पता:** एच-1, सी ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028, भारत | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** प्लॉट संख्या 86, इंस्टीट्यूशनल सेक्टर 32, गुरुग्राम, हरियाणा-122001, भारत
**CIN:** L65100DL1994PLC061287 | **वेबसाइट:** www.fusionfin.com

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता एवं हमारे मूल्यवान ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि उनकी सुविधा हेतु फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड की नीचे उल्लिखित **राजा का ताजपुर, किरतपुर एवं बहजोई-2 एमएफआई शाखा** को **दिनांक 17/08/2026** से स्थायी रूप से स्थानांतरित/पुनर्स्थापित किया जा रहा है। **दिनांक 18/08/2026 से राजा का ताजपुर, किरतपुर एवं बहजोई-2 एमएफआई शाखा** के सभी ग्राहकों को क्रमशः **नूरपुर, बिजनौर एवं बहजोई एमएफआई शाखा** द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित तिथि से वैकल्पिक शाखा में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं।

| | |
|---|---|
| 1. बंद की जाने वाली शाखा का नाम एवं पता: | 1. मेसर्स फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड, सी/ओ - योगेश त्यागी, टिल्लू मार्केट, सेहोरा रोड, ग्राम-राजा का ताजपुर, तहसील चांदपुर, जिला-बिजनौर, उत्तर प्रदेश-246735<br>2. मेसर्स फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड, सी/ओ - ममतेश देवी, एएसएम पब्लिक स्कूल के पास, नहटौर रोड, किरतपुर, उत्तर प्रदेश-246735<br>3. मेसर्स फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड, सी/ओ - अभिषेक, बिजली घर के पास, जीवन नर्सिंग होम के सामने, बहजोई, तहसील-बहजोई, जिला- संभल, उत्तर प्रदेश-244410 |
| 2. वैकल्पिक शाखा का नाम एवं पता (जहाँ पोर्टफोलियो स्थानांतरित किया गया है): | 1. मेसर्स फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड, सी/ओ - श्री दीपक कुमार, गांधी नगर, नूरपुर, तहसील-चांदपुर, जिला- बिजनौर, उत्तर प्रदेश-246734<br>2. मेसर्स फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड, सी/ओ - वर्षा राणा, माया एन्क्लेव, नीलकंठ मंडप के पास, बिजनौर, जिला- बिजनौर, उत्तर प्रदेश, पिन-246701<br>3. मेसर्स फ्यूजन फाइनेंस लिमिटेड, सी/ओ - श्री भगवान सिंह, ओ ब्लॉक अड्डा, स्टेशन रोड, बहजोई, संभल, उत्तर प्रदेश, पिन-202410 |
| स्थानांतरण/पुनर्स्थापन की तिथि: | 18-08-2026 |

हम अपने ग्राहकों को आश्वस्त करते हैं कि इस प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा या बाधा न हो, इसके लिए कंपनी द्वारा सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं। **राजा का ताजपुर, किरतपुर एवं बहजोई-2 एमएफआई शाखा** के सभी संबंधित ग्राहकों के वर्तमान एमएफआई ऋण खातों को निर्बाध रूप से **नूरपुर, बिजनौर एवं बहजोई एमएफआई शाखा** में स्थानांतरित किया जाएगा। वर्तमान अनुबंधों के नियम एवं शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं होगा। किसी भी स्पष्टीकरण या सहायता हेतु ग्राहक शाखा प्रबंधक अथवा कंपनी से निम्न माध्यमों द्वारा संपर्क कर सकते हैं: **टोल-फ्री संख्या (प्रातः 7:00 बजे - सायं 8:00 बजे): 18001037808 | ई-मेल आईडी: customercare@fusionfin.com**

**स्थान : उत्तर प्रदेश** — **फ्यूज़न फाइनेंस लिमिटेड की ओर से, हस्ता./-, अधिकृत अधिकारी**

# बेंगलुरु IPL-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम

**पंजाब लगातार छठा मैच हारी, कोहली-वेंकटेश के अर्धशतक, भुवनेश्वर को 2 विकेट:**

**धर्मशाला, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल में रविवार के पहले मैच में पंजाब किंग्स को 23 रन से हरा दिया। धर्मशाला में बेंगलुरु ने टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए।

जवाब में पंजाब 8 विकेट खोकर 199 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ बेंगलुरु के 18 पाइंट्स हो गए और टीम इस सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, पंजाब की यह लगातार छठी हार रही। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन तक 3 विकेट गंवा दिए। बाद में कूपर कोनोली, मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम टारगेट से 23 रन दूर रह गई। शशांक ने 27 गेंदों पर 56 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में रसिख सलाम ने 3 विकेट झटके।


विराट कोहली ने मनाया अपना अर्धशतक।

जबकि भुवनेश्वर कुमार ने शुरुआती दो विकेट झटके। जोश हेडलवुड, सुयश शर्मा और रोमा. रियो शफर्ड को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, बेंगलुरु के लिए विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन की पारी खेली, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 25 गेंदों पर 45 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई। आखिर में वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन बनाए, वहीं टिम डेविड ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाकर टीम को 220 के पार पहुंचाया। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह को 1-1 विकेट मिला। इस मैच में रजत पाटीदार की जगह जितेश शर्मा बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे हैं। पाटीदार चोट के कारण यह मैच नहीं खेल रहे हैं। आखिरी ओवर में रसिख सलाम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बेंगलुरु की जीत पक्की कर दी। उन्होंने पहले सेट बल्लेबाज शसांक सिंह को 56 रन पर आउट कराया, जिन्हें लान्ग-आन पर विराट कोहली ने कैच किया। ओवर की आखिरी गेंद पर ओमरजई भी टिम डेविड को कैच दे बैठे।

पंजाब आखिरी ओवर में 9 रन ही बना सकी और टीम 199/8 तक पहुंच पाई। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर शशांक सिंह ने चौका जड़ा और सिर्फ 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। लो फुलटास पर उन्होंने मिडिल से शफल करके लान्ग-आन के ऊपर से बेहतरीन फिनिश किया। 17वें ओवर की पहली बाल पर जोश हेजलवुड ने बेंगलुरु को बड़ा विकेट दिलाया। फुलटास गेंद पर मार्कस स्टोयनिस बड़ा शाट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे पैड पर जा लगी। अंपायर ने स्ठॅ दिया, जिसके बाद स्टोयनिस ने रिव्यू लिया, लेकिन बाल ट्रैकिंग में गेंद लेग स्टंप को छूती दिखी और फैसला बरकरार रहा। स्टोयनिस 25 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब ने 13वें ओवर में जोरदार वापसी की। शशांक सिंह ने सुयश शर्मा के ओवर में दो लगातार छक्के जड़े और ओवर से कुल 20 रन बटोरे। दूसरी ओर मार्कस स्टोयनिस ने भी अच्छी साझेदारी निभाई, जिससे पंजाब ने रन गति फिर तेज कर दी। रोमारियो शेफर्ड ने 8वें ओवर में बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे कूपर कोनोली लेग साइड में बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद को दूरी नहीं दे सके। डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर जैकब बेथेल ने बाउंड्री के पास शानदार कैच पकड़ा। कोनोली 22 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही। भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में प्रियांश अय्यर को शून्य पर आउट किया और फिर प्रभसिमरन सिंह को भी सिर्फ 2 रन पर चलता किया। इसके बाद रसिख सलाम ने श्रेयस अय्यर का विकेट लेकर पंजाब की मुश्किलें बढ़ा दीं। पंजाब ने पावरप्ले में 49 रन बनाए और 3 विकेट गंवाए। इम्पैक्ट प्लेयर रसिख सलाम ने आते ही बड़ा झटका दे दिया। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर उन्होंने शानदार लेंथ गेंद पर श्रेयस अय्यर को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। ऑफ स्टंप के बाहर पड़कर गेंद हल्की सी बाहर निकली और अतिरिद्र उछाल के कारण अ"यर सिर्फ किनारा दे सके। शार्ट पारी खेलते हुए श्रेयस 3 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए।

खेल विशेष

## नोआ लाइल्स ने गोल्डन ग्रां प्री में 100 मीटर की दौड़ 9.95 सेकंड में जीती

**टोक्यो, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन अमेरिका के नोआ लाइल्स ने रविवार यहां आयोजित गोल्डन ग्रैंड प्रिक्स एथलेटिक्स मीट में 2026 की अपनी पहली 100मीटर की दौड़ 9-95 सेकंड में जीती। इस सीजन में दुनिया में छठे सबसे तेज धावक नोआ के लिए यह जीत का समय अच्छा रहा। दूसरी स्पर्धाओं में, ओलंपिक 400मी हर्डल्स चैंपियन राय बेंजा. मिन ने दो फाइनल हीट में 400मी फ्लैट रेस 44-69 सेकंड में जीती। यह बेंजामिन की दो साल से ज्यादा समय में फ्लैट जमीन पर पहली 400मी रेस थी, और यह उनके पर्सनल बेस्ट से 0-38 सेकंड कम थी। मुकाबले के बाद अमेरिकी धावक बेंजामिन ने कहा कि यह बहुत अच्छा था, एक अजीब सा, बस 400मी की उस रिदम को फिर से महसूस करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए मुझे लगता है कि 44-6 सेकंड में बाहर आकर बहुत खुश हूं।

## हरचरण सिंह सातवें स्थान पर रहे

**गांधीनगर, वार्ता।** महात्मा मंदिर एग्जीबिशन हॉल, गांधीनगर में 2026 डब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप के छठे दिन पुरुषों की 110किंग्रा कैटेगरी में रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें एशियन वेटलिफ्टरों ने वर्ल्ड-क्लास परफॉर्मेंस दी। चीन के लियू हुआनहुआ 420किंग्रा का शानदार टोटल लिफ्ट करके ओवरऑल चैंपियन बने, और टोटल और स्नैच कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। ईरान के अलीरेजा नासिरी ने क्लीन एंड जर्क में शानदार 231किंग्रा लिफ्ट करके अपना दबदबा बनाया। भारत के हरचरण सिंह ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार परफॉर्मेंस दी, और कुल 338किंग्रा के साथ सातवें नम्बर पर रहे। इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के प्रेसिडेंट ने मेडल जीतने वालों और हिस्सा लेने वालों को उनके परफॉर्मेंस के लिए बधाई दी, जो एशियन वेटलिफ्टिग के बढ़ते स्टैंडर्ड और कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है।

## सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहे

**पटुमवान (थाईलैंड), वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुा जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन में रनर-अप रहे, उन्हें इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट में 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की, जोरदार वापसी की और गेम को आखिर तक खींचा, जहां लगातार पांच चैंपियनशिप पॉइंट बचाने के बाद, वे आखिरकार 25-23 से हार गए। 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन के अपने पहले फाइनल में हिस्सा ले रहे टॉप सीडेड भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ी, बिना सीड वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 53 मिनट में हार गए।

## एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 5 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। फेंड्स क्रिकेट क्लब ने देव मेहरा 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय 62(55) और आर्य सिंह 28(45) की मदद से 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन बनाए। एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब के बॉलर हर्ा भारद्वाज ने 46 रन देकर 3 विकेट, अमन गोस्वामी ने 25 रन देकर 2 विकेट और रौनक ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, घनश्याम ने 39 रन देकर 2 विकेट लिए, प्रिंस मेहरा ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए और आर्य सिंह ने 22 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन (देव मेहरा - 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय - 62(55) और आर्य सिंह - 28(45), एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब - 32-1 ओवर में 5 विकेट पर 242 रन (काव्या - 77(61),आशीा तंवर - 57(59) और कृा यादव - 46(28) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - काव्या (एसेक्स फार्म) - 77(61) को दिया गया।

## ऑरेंज कैप टेबल में सुदर्शन और गिल ने किया पहले और दूसरे नम्बर पर कब्जा

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस (जीटी) की मेजबानी की और उन्हें 29 रन से हरा दिया। अंक तालिका में नम्बर 8 पर मौजूद टीम ने नम्बर 2 को मात दी। मैच के बाद आईपीएल 2026 की पर्पल कैप सूची में तो कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन ऑरेंज कैप तालिका पूरी तरह बदल गई।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड जीटी मैच हार गई, लेकिन उनके ओपनर्स बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने केकेआर के 247 रन के स्कोर का पीछा करने की पूरी कोशिश की। सुदर्शन तीसरे ओवर में कार्तिक त्यागी की गेंद लगने के बाद 13 गेंदों पर 23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। लेकिन 17वें ओवर में, जब गिल आउट हुए, तब वह दोबारा बल्लेबाजी करने लौटे और फिर 15 गेंदों पर 30 और रन जोड़कर 28 गेंदों पर नाबाद 53 रन के स्कोर पर समाप्त किया।। इस पारी के साथ उनके इस सीजन में कुल रन 554 हो गए और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए। यह उनके लिए नया नहीं है, क्योंकि वे आईपीएल 2025 में भी ऑरेंज कैप विजेता रहे थे। वहीं, गिल की इस सीजन की तीसरी 80-प्लस पारी ने उन्हें 552 रन के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई रूप से हेनरिक क्लासेन को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के क्लासेन इस सीजन में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य बल्लेबाज हैं, जिनके नाम 508 रन हैं। टॉप पांच में आगे विराट कोहली (आरसीबी) और क्लासेन के टीम-साथी अभिोक शर्मा शामिल हैं। कोहली के नाम 484 रन हैं, जबकि अभिोक ने 481 रन बनाए हैं। शीर्ष 10 से बाहर रहते हुए भी केकेआर के बल्लेबाज अंगकृा रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 44 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए, जिससे वे 422 रन के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए। यह इस सीजन में उनका पांचवां अर्धशतक था। उनसे आगे केवल साई सुदर्शन हैं, जिनके नाम छह अर्धशतक और एक शतक दर्ज है, जबकि चार अन्य बल्लेबाजों के भी पांच-पांच अर्धशतक हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड यहां ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला। राशिद खान और त्यागी मैच से पहले 16 विकेट लेकर चार गेंदबा. जों के समूह में शामिल थे और विकेटलेस रहने के बाद वहीं बने रहे। राशिद और त्यागी के अलावा प्रिंस यादव (एलएसजी) और एसआरएच के ईशान मलिंगा भी 16 विकेट के साथ मौजूद हैं। इन सबसे ऊपर आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार हैं।




## सिद्धांत बंथिया ने पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर युगल खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सिद्धांत बंथिया और उनके बुल्गारियाई पार्टनर अलेक्जेंडर डोंस्की ने शनिवार को पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर 100 टेनिस टूर्नामेंट, ओइरास ओपन 4 में डबल्स टाइटल जीता। गैर वरीय इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने फाइनल में पुर्तगाल के टियागो परेरा और स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज को 6-3, 6-2 से हराया,

और क्ले कोर्ट पर एक घंटे और तीन मिनट में मुकाबला खत्म किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी और डोंस्की को शुरुआती सेट में आखिरी समय में मिली चुनौती का सामना करना पड़ा। चौथे गेम में अहम ब्रेक पाने के बाद, उन्होंने 5-3 के स्कोर पर सेट के लिए सर्व करते हुए एक ब्रेकपॉइंट बचाया और फिर 32 मिनट में सेट खत्म कर दिया। इसी मोमेंटम को दूसरे सेट में भी जारी रखते हुए, इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने तीसरे और सातवें गेम में सर्व तोड़कर जीत हासिल की।




यह टाइटल बंथिया का इस सीजन का दूसरा एटीपी चैलेंजर डबल्स क्राउन और कुल मिलाकर तीसरा था, जो उन्होंने डोंस्की के साथ जीता था। यह बुल्गारियाई खिलाड़ी के करियर का चौथा डबल्स टाइटल भी था। इस साल की शुरुआत में, बंथिया और डोंस्की ने दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट में डबल्स टाइटल जीता था, जिसमें उन्होंने फाइनल में भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के प्रूच्या इसारो को हराया था।

## 'आईपीएल के सर्वकालिक सर्वश्रेठ खिलाड़ी' हैं नारायण: अंबाती रायुडू

**कोलकाता, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू का मानना है कि सुनील नारायण उनके हिंसाब से आईपीएल के सर्वकालिक सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। यह बयान तब आया जब नारायण ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ अपने चार ओवरों में 29 रन देकर 2 विकेट लिए और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की आईपीएल 2026 में 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।



उनके प्रदर्शन के बाद रायुडू की बात से असहमत होना मुश्किल था। नारायण साल दर साल केकेआर के लिए मैच जिताते आए हैं और ऐसा नहीं लगता कि उनका रुकने का कोई इरादा है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में, नारायण को उनके 200वें आईपीएल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद रायुडू ने कहा कि गेंद से मैच विनर, बल्ले से भी मैच विनर। आईपीएल में कई महान खिलाड़ी आए हैं, लेकिन यह खिलाड़ी हमेशा सबसे अलग दिखता है। मेरे लिए यह सूची में सबसे ऊपर है। संजय बांगर, जो रायुडू के साथ बैठे थे, उतने भावुक नहीं दिखे, लेकिन उन्होंने भी नारायण को आईपीएल इतिहास के अपने टॉप पांच खिलाड़ियों में रखा और उन्हें लीग का लीजेंड बताया। बांगर ने कहा कि इस लीग में कई महान खिलाड़ियों ने खेला है, लेकिन लंबा करियर भी मायने रखता है। उन्हें अपने गेंदबाजी ऐक्शन पर कई बार सवालों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने उसी ओवरस्पिन के साथ सफलता हासिल करने का नया तरीका खोज लिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं।

साथ ही, उन्होंने गेंद को दोनों तरफ टर्न कराने की क्षमता भी बरकरार रखी। यही चीज बल्लेबाजों के मन में भारी संदेह पैदा करती है। मुझे लगता है कि यही खूबियां उन्हें लीग का लीजेंड बनाती हैं। नारायण आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में केवल युजवेंद्र चहल (230 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (220 विकेट) से पीछे हैं।

## चार कैच टपकाकर हम मैच जीतने के लायक नहीं थे: शुभमन गिल

**कोलकाता, वार्ता।** शुभमन गिल ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) के फील्डर्स पर निशाना साधते हुए कहा कि हम जीतने के लायक नहीं थे, जब जीटी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार मौके गंवाए, जिनमें से तीन आसान थे। गिल ने जीटी के केकेआर से 29 रन से हारने के बाद कहा कि विकेट को देखकर, हमें लगा कि 200-220 एक बराबर स्कोर होगा।

लेकिन हमने बहुत सारे कैच छोड़े और जब आप एक गेम में तीन से चार कैच छोड़ते हैं, तो बॉलर्स के लिए यह कभी आसान नहीं होता। फिन एलन का दो बार कैच छूटा, एक बार जेसन होल्डर ने कवर्स में एक मुश्किल मौका गंवाया जब वह 14 रन पर थे और फिर मोहम्मद सिराज ने 33 रन पर लॉन्ग-ऑन पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। एलन ने 35 गेंदों पर 93 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिससे केकेआर ने 247 रन बनाए, जो आईपीएल में जीटी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। यहां तक कि कैमरून ग्रीन का भी 23 रन पर अरशद खान ने कैच छोड़ा, जबकि अंगकृा रघुवंशी का वाशिगटन सुंदर ने फाइन लेग पर कैच टपका दिया। दोनों बैट्समैन ने नाबाद फिफ्टी बनाईं। गिल ने कहा कि पिच अच्छी थी। कुछ गेंदें रुक रही थीं और टिक रही थीं। हमने जो स्कोर बनाया (218/4) उसके लिए हमने अच्छी बैटिंग की। लेकिन हमारी फील्डिंग और बेहतर हो सकती थी। हमने एक खास स्टैंडर्ड सेट किया और इस तरह के गेम में तीन आसान विकेट गंवाने के बाद, मुझे नहीं लगता कि हम यह मैच जीतने के लायक थे। हालांकि, गिल ने इस गेम को सिर्फ एक और हार बताया और कहा कि अगर जीटी प्लेऑफ में जगह बना लेती है, तो बॉलर्स के लिए प्लेऑफ के बजाय अभी ऑफ डे लेना बेहतर होगा। गिल ने कहा कि क्वालिफायर के बजाय अभी ऐसा गेम होना बेहतर है, 240-250 का गेम, बॉलिंग का दिन खराब होना।



## स्वितोलिना ने तीसरी बार इटेलियन ओपन खिताब जीता

**रोम, वार्ता।** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को एक और डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने का लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन पूर्व वर्ल्ड नम्बर 3 ने शनिवार को शानदार अंदाज में यह कर दिखाया, उन्होंने तीसरी सीडेड कोको गॉफ को एक हाई-क्वालिटी फाइनल में 6-4, 6-7 (5), 6-2 से हराकर इटेलियन ओपन खिताब जीता।

यह जीत 2017 और 2018 में लगातार दो जीत के बाद रोम में स्वितोलिना का तीसरा टाइटल है। रोम में अपना पहला टाइटल जीतने की कोशिश कर रही गॉफ ने जोरदार शुरुआत की और दो बार ब्रेक करके 2-0 और 4-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, स्वितोलिना ने दोनों मौकों पर वापसी की। यूक्रेन की खिलाड़ी ने अहम नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर 5-4 की बढ़त बनाए रखी, फिर गॉफ की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। गॉफ, जो इस हफ्ते पहले ही तीन-तीन सेट के मैच खेल चुकी थीं, दूसरे सेट में भी स्वितोलिना के करीब रहीं। हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने सेट के पहले तीन सर्विस गेम में हर बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन 11वें गेम तक कोई भी खिलाड़ी ब्रेकथ्रू नहीं कर पाई। गॉफ ने ब्रेक करके 6-5 की बढ़त बना ली, लेकिन स्वितोलिना ने तुरंत ब्रेक करके वापसी की और टाईब्रेक के लिए मजबूर कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेक 7-5 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। स्वितोलिना ने जल्द ही आखिरी सेट में कंट्रोल हासिल कर लिया और पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके 5-2 से आगे हो गईं। चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, यूक्रेन की खिलाड़ी ने दो घंटे, 49 मिनट के बाद अपने तीसरे मैच पॉइंट को बदलने से पहले तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। इस जीत से गॉफ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-2 हो गया। जीत के बाद स्वितोलिना ने कहा कि पक्का यह बहुत मुश्किल मुकाबला था। मैं बहुत खुश हूं कि मैं अपनी घबराहट को कैसे संभाल पाई, सिर्फ आज ही नहीं बल्कि इस पूरे टूर्नामेंट में भी। मुझे लगता है कि पिछले दो हफ्ते मुश्किल रहे, लेकिन मैं जिस तरह से खेल रही हूं, जिस तरह से मेरा शरीर इन मुश्किल मैचों में रिएक्ट कर रहा है, उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे अपनी कोशिश पर बहुत गर्व है। स्वितोलिना ने ओपन एरा में डब्ल्यूटीए क्ले-कोर्ट फाइनल में 8-0 का सुधार किया।

# नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यमः प्रो. सुभाषिनी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों की भूमिका, जिम्मेदारी, कार्य, समर्पण एवं रोगी देखभाल पर रोल प्ले एवम् रील्स मेकिंग प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर रोल प्ले के जरिए स्टुडेंट्स ने रोगी देखभाल, उपचार, पुनर्वास, स्वास्थ्य सेवा के प्रत्येक क्षेत्र में नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रोल प्ले में एएनएम के स्टुडेंट्स- सुरभि, पिंकी, निकिता, स्वाति, सृष्टि, शीतल, सानिया का ग्रुप विजेता रहा। नर्सों की भूमिका, जिम्मेदारी, कार्य, समर्पण एवं रोगी देखभाल पर रील्स मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग के अभयजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले में बीएससी नर्सिंग के स्टुडेंट्स- अपर्णा, अभयजीत कौर, देव शर्मा, दीक्षा पाल, केंजल पाल, महिमा, गुरमननत कौर, उदित कुमार, रुही, निक्की, दीपिका का ग्रुप द्वितीय स्थान पर रहा। रील्स मेकिंग प्रतियोगिता में अपर्णा ने द्वितीय और प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के विभिन्न बैचों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान





प्राप्त करने वाले दो दर्जन से अधिक स्टुडेंट्स को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. नेहा आनन्द, डॉ. अर्चना जैन आदि शामिल रहे। इससे पूर्व नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम. निवास, डॉ. रामकुमार गर्ग, आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम एम्पॉवर नर्सेज, सेव लाइफस रही। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने कहा, सशक्त एवम् शिक्षित नर्सें ही स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक आधारशिला हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स और नर्सिंग स्टाफ को समर्पण, अनुशासन और मानव सेवा की भावना के संग अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने नर्सिंग को केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम बताया। प्राचार्य प्रो. जेसल. ीन एम. ने अपने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा, शिक्षा, अवसर और सहयोग से नर्सों को सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि सशक्त नर्सें ही समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने नर्सिंग स्टुडेंट्स को आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच के साथ अपने करियर में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं और उनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है। अंत में डॉ. राम कुमार गर्ग ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। नर्स दिवस पर डॉ. योगेश कुमार, डॉ. सपना सिंह, डॉ. शालिनी जोशी, डॉ. सुमन वशिष्ट, डॉ. सहर्ष वाल्टर, प्रो. जितेन्द्र सिंह, प्रो. विजीमोल, प्रो. अनुषी सिंह, प्रो. वेदमूर्ति, श्री यासिर जावेद आदि मौजूद रहे। संचालन एमएससी नर्सिंग की स्टुडेंट्स- इशिका और शिवाली ने किया।

## चिंतन शिविर में चलने का किसानों से आह्वान

**कांठ( शाह टाइम्स )**भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आवाहन पर अगले माह 16, 17 18 जून को हरिद्वार में होने वाले 3 दिवसीय चिंतन शिविर के संबंध में आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के साथ मिलकर समीप के गांवों के किसानों से चिंतन शिविर में चलने का आवाह्न किया एवं किसानों की समस्याओं को सुनकर अगले चिंतन शिवर से पहले सभी समस्याओं को संबंधित विभागों में पहुंच कर प्रत्येक किसान की समस्या का निवारण के लिए आश्वासन दिया। बताया गया कि चिंतन शिविर में पहुंचने के लिए आगामी 16 जून से पहले इसी तरह किसानों से मिलना जारी रहेगा। जन-जन से चर्चा करने के बाद बिजली की समस्या सबसे ज्यादा सुनने को मिली इसी संबंध में शीघ्र ही उप खण्ड अधिकारी कांठ के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करना होगा और यह जब तक रहेगा जब तक की समस्याओं का निवारण नहीं हो जाता।

इस मोके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह, चौधरी दर्शन सिंह बिश्नोई, सियाराम बिश्नोई, पंकज बिश्नोई, महेश ठाकुर, बलराज सिंह, भविष्य बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई जॉनी, मास्टर संजीव कुमार, प्रफुल्ल सिंह, चरण सिंह ,आदिल अंसारी आदि मौजूद रहे।



# श्रमवीरों और मातृशक्ति का हुआ सम्मान समाजसेवियों को मिले गौरव रत्न सम्मान

**मुरादाबाद।** "आओ हाथ बढ़ाएं ख्र एक पहल मदद की" चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को दिल्ली रोड स्थित मधुबन गार्डन में "श्रमवीर, कर्मवीर, मातृशक्ति एवं गौरव रत्न सम्मान समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। समारोह में सामाजिक समरसता, जनसहभागिता और जनकल्याण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया,एसएसपी सतपाल अंतिल एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ट्रस्ट की सामाजिक पहल की सराहना की।समारोह के दौरान श्रमिकों, मातृशक्ति, समाजसे.




वियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मवीरों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास में श्रमिकों और मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक संस्थाएं समाज को जोड़ने और जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समाजसेवा जारी रखने की अपील की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं युवा मौजूद रहे। पूरे आयोजन का माहौल उत्साह और सम्मान से भरा रहा।

# डीएम और एसएसपी ने किया गढ़ी सलेमपुर पुलिस चौकी का उद्घाटन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



सतपाल अंतिल ने आज गढ़ी सलेमपुर पुलिस चौकी का उद्घाटन किया और क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन करने पहुंचे जिला अधिकारी और एसएसपी ने पूरे विधि विधान के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की।एसएसपी ने कहा कि पुलिस चौकी के अंतर्गत आठ गांव आएंगे पुलिस चौकी का निर्माण होने से उक्त गांव के लोगों को पूरी सुरक्षा मिलेगी उन्होंने कहा कि पहले किसी भी छोटी सी बात को लेकर थाने जाना पड़ता था लेकिन अब उनके निकट ही पुलिस चौकी खुलने से वह किसी भी परेशानी में पुलिस के पास आ सकते हैं। वैसे भी पुलिस चौकी क्षेत्र में आए गांव बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है और यहां पुलिस की उपलब्धता बने रहना जरूरी होता है। जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया ने भी नई पुलिस चौकी के उद्घाटन की शुभकामनाएं दी। कुंदरकी विधायक रामबीर सिंह हाजी उस्मान अली जुल्फिकार अहमद मास्टर जावेद उजम्मा स्वामी जगदेव आनंद महाराज आदि ने अपने संबोधन में पुलिस की पीठ थपथपाई और कहा की कांठ पुलिस नंबर वन रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने उद्घाटन करने आए अधिकारियों को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भावेश शर्मा द्वारा किया गया।

# चंद्रभान सिंह पुनः जिला अध्यक्ष और शशिलेंद्र कुमार यादव बने जिला मंत्री

**● भारतीय मजदूर संघ का भव्य जिला सम्मेलन सम्पन्न**

**मुरादाबाद।** भारतीय मजदूर संघ का भव्य जिला सम्मेलन आज बस स्टेशन स्थित संघ के क्षेत्रीय कार्यालय पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने की तथा संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन का आयोजन प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति एवं विभाग प्रमुख अरुण गौड की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से जनपद मुरादाबाद की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ।नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों को मनोनीत किया




गया। जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह (पुनः मनोनीत) कार्यकारी जिलाध्यक्ष तरुण पराशर जिला उपाध्यक्ष शुभम सिंह, एवं पी के भटनागर जिला मंत्री शशिलेंद्र कुमार यादवप्रचार मंत्री रविंद्र सिंहश्रमिक हितों के लिए संघर्ष का संकल्प पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर चंद्रभान सिंह ने सदन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु वे निरंतर संघर्षरत रहेंगे। जिला मंत्री शशिलेंद्र कुमार ने कहा कि जनपद के विभिन्न संगठनों और कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर उनका समयबद्ध समाधान कराया जाएगा।

इस अवसर पर भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरा सम्मेलन उत्साह, संगठनात्मक एकता और श्रमिक हितों के संकल्प से ओत-प्रोत रहा।

# सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**भगतपुर।** रविवार को सड़क किनारे अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, बही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना भगतपुर क्षेत्र के



अलीगंज-रोशनपुर मार्ग पर ग्राम पदिया नगला के पास सड़क किनारे एक अज्ञात शव पड़ा मिला। सुबह राहगीरों ने शव को देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई और जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।घटना की सूचना मिलते ही भगतपुर थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर दौड़ रहे स्कूल ई-रिक्शा

**पीछे अतिरिक्त सीट लगाकर भी बैठाए जा रहे नौनिहाल**

**चन्दौसी।** नगर में स्कूली बच्चों के परिवहन को लेकर गंभीर लाप. रवाही सामने आ रही है। विभिन्न स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने वाले ई-रिक्शाओं में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। इस स्थिति को देखकर अभिभावकों में चिंता और नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के नाम पर स्कूलों द्वारा परिवहन शुल्क तो लिया जाता है, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कराया जा रहा। नगर के कई क्षेत्रों में सुबह स्कूल समय और छुट्टी के दौरान ई-रिक्शाओं में छोटे-छोटे बच्चों को बेहद असुरक्षित तरीके से बैठाकर ले जाया जाता है। कई ई-रिक्शाओं में निर्धारित क्षमता से दोगुने बच्चे बैठे दिखाई देते हैं। कुछ चालकों ने वाहन के पिछले हिस्से में अस्थायी सीटें लगाकर अतिरिक्त बच्चों को बैठाने की व्यवस्था कर रखी है। ऐसे में जरा सी चूक या सड़क पर अचानक ब्रेक





लगने की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है। हाल ही में बहजोई रोड स्थित चन्दौसी पब्लिक स्कूल के ई-रिक्शा में बच्चों को पीछे की ओर अतिरिक्त सीट लगाकर बैठाकर ले जाया जा रहा था। वाहन के पिछले हिस्से में बैठे बच्चे पूरी तरह असुरक्षित नजर आए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वाहन अचानक मुड़ जाए, असंतुलित हो जाए या पीछे से कोई तेज रफ्तार वाहन आ जाए तो गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच कराई जाए और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों तथा संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि प्रत्येक वाहन में बच्चों की संख्या निर्धारित होनी चाहिए तथा बच्चों को सुरक्षित बैठाने के लिए उचित व्यवस्था अनिवार्य की जाए। शहरवा. सियों का मानना है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## एक नजर

### अधिक मास में युवा महिला मंडल ने वृद्धाश्रम में वितरित किया जरूरत का सामान

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल की ओर से अधिक मास के पावन अवसर पर रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडल की महिलाओं ने वृद्धजनों को खाने-पीने की सामग्री तथा दैनिक उपयोग का जरूरी सामान वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। युवा महिला मंडल की संयोजिका इंदु अग्रवाल ने कहा कि अधिक मास का समय दान-पुण्य और सेवा कार्यों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पावन महीने में वृद्धजनों की सेवा करने का अवसर मिलना सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए, जिससे मानवता और सामाजिक सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में महिलाओं ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उनका हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंडल की सदस्याओं ने कहा कि आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल, उपाध्यक्ष मानसी अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, निमिषा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, दीपिका, शुभा, शालिनी, प्रियंका सहित युवा महिला मंडल की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।



### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 45 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों और मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक चले इस स्वास्थ्य मेले में कुल 45 मरीजों का पंजीकरण कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। मेले में चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। प्रभारी चिकित्सक डॉ. साजिद अली ने बताया कि मेले के दौरान तीन गर्भवती महिलाओं सहित कुल 28 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांचें की गईं। इनमें टाइफाइड, मलेरिया, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी तथा शुगर की जांच प्रमुख रूप से शामिल रही। जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को उचित उपचार और आवश्यक सावधानियां बताई गईं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना है। मेले में आने वाले मरीजों को निरूशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में डॉ. साजिद अली, लैब टेक्निशियन नेत्रपाल मौर्य, वार्डबॉय अमित कुमार, स्टाफ नर्स शिल्पी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया।




### सिख समाज के लोगों ने किया अधिकारियों का शाल भेंट कर स्वागत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पुलिस चौकी का उद्घाटन करने आए अधिकारियों का सिख समाज ने शाल भेंट कर स्वागत किया। गुरुद्वारा सिंह साहब के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह के नेतृत्व में सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल नवनिर्मित पुलिस चौकी पर पहुंचा और वहां पर मौजूद जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी निरीक्षक विधायक रामवीर सिंह आदि को शाल भेंटकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की अच्छी कार्यशैली से कांठ क्षेत्र के लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर सरदार कृपाल सिंह सरदार कुलवंत सिंह सरदार ताजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### सफाई कर्मचारियों के 17 साल पुराने वेतन भुगतान में गड़बड़ी का मामला एक बार फिर पटल पर आने से हड़कंप

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** छजलैट ब्लाक में 60 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के वेतन भुगतान में गड़बड़ी का 17 साल पुराना मामला एक बार फिर सामने आ गया है। मंडल स्तर पर मामला दोबारा उठने के बाद पंचायत विभाग में हलचल तेज हो गई है। संयुक्त विकास आयुक्त, मुरादाबाद मंडल अरुण कुमार सिंह ने उपनिदेशक पंचायती राज को तीन दिन में पूरे प्रकरण की कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।वर्ष 2009-10 और 2010-11 में 60 सफाई कर्मचारियों के दो माह के वेतन से जुड़ा है।

आरोप है कि कर्मचारियों के वेतन की धनराशि का गबन किया गया। उप्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने इस संबंध में आयुक्त को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की दोबारा जांच की मांग की थी।संयुक्त विकास आयुक्त ने पत्र में साफ कहा गया है कि 31 मार्च 2026 को उपनिदेशक पंचायत को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, लेकिन एक माह बाद भी कोई आख्या उपलब्ध नहीं कराई। संघ के मुताबिक, वर्ष 2023 में सीडीओ से शिकायत के बाद जांच समिति गठित की गई थी।

जिला विकास अधिकारी की जांच में यह सामने आया था कि कर्मचारियों के वेतन संबंधी चेक बिना भुगतान के पत्रावली में संलग्न मिले हालांकि जांच यह स्पष्ट नहीं हो सका कि धनराशि आखिर कहां गई और किसके खाते में पहुंची। यही नहीं, किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी भी तय नहीं की गई।

संघ ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रेट स्तर से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।



# अनुदेशकों को समारोह में वितरित किए बढ़े हुए मानदेय के चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अनुदेशक सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय समारोह में अनुदेशकों को प्रतीकात्मक चैक वितरित किए गए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री अजीत कुमार राजू मुख्य अतिथि जबकि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी तथा माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी के प्रतिनिधि चन्द्रसेन दिवाकर विशिष्ट अतथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुदेशक सम्मान एवं चेक वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं सुना गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अतिथियों का पुष्प एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाया जाना

### ०मुख्यमंत्री के चेक वितरण का सजीव प्रसारण

एक सराहनीय एवं ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है तथा शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था इतनी सुदृढ़ होगी कि अभिभावक निजी विद्यालयों के स्थान पर अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में शिक्षा दिलाना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय 17,000 के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अनुदेशक, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्भल। बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकातमक चेक लेकर हर्ष जताते अनुदेशक।

# महंगे पेट्रोल डीजल की मार: देश में खेत से रसोई तक मचेगा हाहाकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पेट्रोल व डीजल 3.25 रुपये महंगा होते ही क्षेत्र के बाजार से खेत तक हड़कंप मच गया। ट्रांसपोर्टरों ने साफ कह दिया कि अब मालभाड़ा 10 फीसदी बढ़ाना मजबूरी है। उधर किसान बोले कि ट्रैक्टर की जुताई से लेकर पंप से सिंचाई तक सब महंगा हो गया। इसका सीधा असर आटा, चावल, दाल और सब्जी की थाली पर पड़ेगा।

### ट्रैक्टर चलाना हुआ महंगा

**बबराला।** गुन्नौर के किसान प्रेमपाल सिंह ने बताया, एक बीघा खेत जोतने में अब 20 रुपये ज्यादा लगेंगे। डीजल पंप से सिंचाई करो तो 25 रुपये प्रति घंटा का खर्च बढ़ गया। खाद-बीज पहले से महंगा, अब डीजल ने कमर तोड़ दी। मंडी के आढ़ती पप्पू बोले, हगांव से मंडी तक सब्जी लाने का भाड़ा बढ़ेगा तो टमाटर-आलू 2 से 5 रुपये किलो महंगा होना तय है।

### रसोई का बजट बिगड़ेगा

**बबराला।** गृहिणी सलोनी वार्ष्णेय बोलीं, पहले ही दूध 2 रुपये महंगा हुआ। अब आटा-दाल का रेट बढ़ा तो महीने का बजट कैसे चलेगा? किराना व्यापारी संजीव अग्रवाल ने कहा, मालभाड़ा बढ़ते ही हर सामान पर 3 से 5 रुपये किलो का असर पड़ेगा। फेस्टिवल सीजन में मार और तेज होगी।

### दोहरी मार बंद हो सरकार से की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** किसान नेता सुनील कुमार और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने डीजल बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की। बोले, जब क्रूड सस्ता था तब दाम नहीं घटाए। अब बढ़ते ही जनता पर बोझ डाल दिया। यह दोहरी मार बंद हो।

# स्थानांतरित एडीएम को दी समारोहपूर्वक विदाई

### ०अपर जिलाधिकारी का लखनऊ प्रशासन के पद पर स्थानांतरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के स्थानांतरण पर समारोह पूर्वक विदाइ दी गई।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक के के विशनोई एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करने के साथ किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष सहित उपजिलाधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कलक्ट्रेट कर्मचारियों द्वारा पुष्प भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उपजिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र, उपजिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई एवं जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने प्रदीप वर्मा के साथ कार्यकाल के दौरान जुड़े अपने अनुभव साझा किये तथा उनके प्रशासनिक कौशल, कार्यशैली एवं सौम्य व्यवहार की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्री वर्मा ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया तथा जनहित से जुड़े मामलों मेंसदैव सक्रिय भूमिका निभाई। उनके कार्यों एवं व्यवहार की छाप सदैव जनपद में स्मरणीय रहेगी। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्भल जनपद में बिताए गये अपने अनुभवों एवं यादगार पलों को साझा किया। उन्होंने कहा कि जनपद में उन्हें सदैव सहयोग एवं आत्मीयता प्राप्त हुई, जिसे वह सदैव स्मरण रखेंगे। कार्यक्रम के अंत मेंजिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।



सम्भल। स्थानांतरित एडीएम को शॉल ओढ़ाकर विदाई देते डीएम व एसपी।

# बिल संशोधन से मोबाइल अपडेट तक मौके पर होगा समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष मेगा कैंप लगाने का फैसला किया है। यह कैंप 15 मई से 30 जून 2026 तक अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी कार्यालयों पर आयोजित किए जाएंगे। कैंपों में रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कैंपों में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। खासतौर पर ऐसे उपभोक्ता जिनका मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है या गलत दर्ज है, उन्हें कैंप में पहुंचकर सही मोबाइल नंबर अपडेट कराने को कहा गया है ताकि समय पर बिजली बिल और अन्य सूचनाएं मिल सकें। मेगा कैंपों में स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण, गलत बिलों का

### ०स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए राहत तीस जून तक लगेगा मगा कैम्प

संशोधन, बिल रिवीजन, 1912 शिकायतों का समाधान और मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी। साथ ही उपभोक्ताओं को यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप और स्मार्ट मीटर के उपयोग से जुड़ी जानकारी व जागरूकता भी दी जाएगी। बिजली निगम ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 30 अप्रैल 2026 तक के बकाया भुगतान के लिए 10 किस्तों की सुविधा देने का निर्णय लिया है, जबकि अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को तीन किस्तों (40 प्रतिशत, 30प्रतिशत, 30 प्रतिशत) में भुगतान की सुविधा मिलेगी। अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विभाग के कैंप से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

# खानपान, रहन, सहन ओर परहेज से स्वस्थ्य जीवन और दीर्घायु

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गायत्री महिला मंडल ने स्वास्थ्य गोष्ठी आयोजित करके खान-पान, रहन-सहन और परहेज का महत्व बताकर प्राकृतिक चिकित्सा को विश्व की सर्वाधिक सस्ती, सुलभ और कारगर चिकित्सा पद्वति बताया।

नगर के शहजादी सराय में स्थित गायत्री आश्रम में प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा स्वास्थ्य गोष्ठी आयोजित की गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों ने मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधान पूर्वक पूजन किया। गायत्री महिला मंडल की सदस्यों ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न भेंट करके स्वागत अभिनंदन किया। विचार गोष्ठी की प्रस्तावना में गायत्री महिला मंडल एवं गायत्री सेवा आश्रम द्वारा चलाए जा रहे प्रकल्पों, आयामो और उपलब्धियों का विस्तृत वर्णन कृष्ण कुमार एडवोकेट ने किया। सत्य प्रकाश भारद्वाज ने स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति हेतु समर्पित गायत्री सेवा आश्रम द्वारा नगर एवं समाज में चलाए जा रहे अनेक कार्यों की प्रशंसा करते हुए तन मन धान से सहयोग करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी डाक्टर अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रकृति द्वारा चिकित्सा सर्वोपरि, सस्ती, सुलभ और कारगर है। मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात रखते हुए प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्वहस्त चिकित्सक डा. सच्चिदानंद ने बताया कि यदि हम अपने रसोई के रिफाइंड, सादा नमक, मैदा और चीनी को अलग कर दें अर्थात उपयोग में ना लाएं तो बहुत सारी बीमारियों से सदा के लिए बचा जा सकता है। इसके अतिरिक्त ब्रह्म मुहूर्त में उठकर योग प्राणायाम, खानपान में परहेज, उचित रहन-सहन के माध्यम से बीमारियों को दूर रख सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें अधिक से अधिक प्रकृति के साथ मिलकर चलना होगा हम जितना प्रकृति से दूर जाएंगे उतना ही बीमारियों से घिर जाएंगे। आहार क्या कब कैसे क्यों कितना लिया जाए इसका ज्ञान परम आवश्यक है। कार्यक्रम में वैभव शर्मा, भावना गुप्ता, सुमन वार्ष्णेय, सुमन गुप्ता, सुमन लता शर्मा, राजेंद्र गुर्जर, जयपाल सिंह, मंजू सैनी, सुषमा गुप्ता, अनुज शर्मा, भावना शर्मा, अमित गुप्ता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। विचार गोष्ठी के अध्यक्षता सत्य प्रकाश भारद्वाज ने की और संचालन गयात्री सेवा आश्रम की संचालिका डा. सविता गर्ग ने किया।



सम्भल- गायत्री आश्रम में कार्यक्रम को सम्बोधित करते के के एडवोकेट।

# चांद नजर नहीं आया ईदेअदहा 28 मई को मनाई जाएगी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम सम्भल में मरकजी रुयते हिलाल कमेटी की मीटिंग हुई। मीटिंग की सदारत अल्लामा मौलाना 'कारी राशिद रजवी ने की।शहर सम्भल में चाँद नजर नहीं आने पर मुल्क के तमाम इलाकों से बातचीत की गयी लेकिन कहीं से भी चाँद होने की कोई खबर नहीं मिली, बैठक में बताया कि 18 मई को चाँद की 30 तारीख है तथा 19 मई मंगल को चाँद की 01(पहली) तारीख है, और '28 मई जुमेरात को ईद उल अजहा बकराईद है। मीटिंग में विशेष रूप से कारी तनजीम अशरफ अजमली, मुफ्ती शकील मिस्बाही, मुफ्ती आलम नूरी, इमामे ईदगाह मौलाना जहीरुल इस्लाम, मौलाना शरीफ लतीफी, मौलाना शमशाद मिस्बाही, मौलाना हसीब अख्तर मिस्बाही, कारी वसी अशरफ, कारी इकराम, कारी शाहिद, कारी सरताज, कारी सलमान, कारी जाहिद, हाफिज अब्दुल मन्नान, फरीद अहमद एडवोकेट, मास्टर इस्माईल, तकी अशरफ एडवोकेट मौजूद रहे।

# अधिक मास में बन रहे पांच योग, शुभ काम पर रहेगी रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** हिंदू धर्म में विशेष पुण्यदायी माना जाने वाला पुरुषोत्तम मास रविवार से शुरू हो गया। भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित यह पावन मास 15 जून तक चलेगा। इस बार अधिक मास में हंस महापुरुष, गजलक्ष्मी, रूचक, लक्ष्मी नारायण और भद्र जैसे पांच राजयोगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे इसका महत्व और बढ़ गया है। पण्डित पुष्पेन्द्र शर्मा और पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि हिंदू पंचांग चंद्र गति पर आधारित है। सौर वर्ष 365 दिन और चंद्र वर्ष 354 दिन का होता है। हर साल 11 दिन का अंतर तीन साल में एक महीने के बराबर हो जाता है। इसी संतुलन के लिए पंचांग में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिक मास या मलमास कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने इसे अपना नाम देकर पुरुषोत्तम मास कहा, तभी से इसमें किया गया पुण्य कई गुना फलदायी माना जाता है।

### इन कामों से मिलेगा विशेष पुण्य

**बबराला।** दान-पुण्य जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र व जल का दान करें।दीपदान-तुलसी या बेलपत्र के पास रोज दीपक जलाएं। ग्रंथ पाठ-श्रीमद्भागवत, गीता, शिवपुराण का पाठ व श्रवण करें।

### इन कार्यों से बचें

**बबराला।** पुरुषोत्तम मास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, नया व्यापार और संपत्ति खरीदना वर्जित माना गया है। मांस, मदिरा, लहसुन-प्याज जैसे तामसिक भोजन से भी दूर रहना चाहिए। झूठ, क्रोध और अपशब्द बोलने से पुण्य क्षीण होता है।

### ज्येष्ठ मास 59 दिन का

**बबराला।** इस बार अधिक मास ज्येष्ठ महीने में पड़ने से ज्येष्ठ मास 59 दिन का हो गया है। इस दौरान 8 बड़े मंगल भी पड़ेंगे। श्रृद्वालु पूरे माह भगवान विष्णु और शिव की आराधना करेंगे।

# पीएम की अपील पर पूर्व चेयरमैन साईकिल से पहुंचे कोल्ड स्टोरेज


### ०सिरसी नगर पंचायत चेयरमेन साइकिल से पहुंचे कार्यालय

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल/सिरसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश की अर्थव्यवस्था मजबूत रखने के लिए की गई अपील का असर तेज़ हो गया है। वाहनों के काफिलों संग चलने वाले राजनेताओं और गणमान्य लोगों ने बाइकों को एक तरफ रख साईकिलों से ही कार्यालयों और प्रतिष्ठानों पर आवागमन करना शुरू कर दिया है।

ईरान और अमेरिका व इजरायल में हो रहे संघर्ष से कच्चे तेल के आयात पर काफी असर पड़ रहा हैं जबकि तेल की कीमतों में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। बढ़ती तेल की कीमतों से बचने और देश की अर्थव्यवस्था और विदेशी मुंद्रा भंडार की मजबूती को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईंधन का सीमित उपयोग करने की अपील की। जबकि नागरिकों से भी अपने निजि वाहनों के स्थान पर बसें, इलैक्ट्रिक वाहनों और मैट्रो तथा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ही उपयोग अधिकांश करने पर ज़ोर दिया। जबकि कार्यालयों में आने-जाने के लिए भी एक ही वाहन का प्रयोग करने की भी लोगों से अपील की। प्रधानमंत्री की इस अपील का असर खास के साथ आम इंसान पर भी जमकर हो रहा है। अब तक कदम-कदम पर वाहनों का प्रयोग करने वाले गणमान्यों ने वाहनों से आवागमन सीमित कर दिया है। अपने कार्यालयों के आने-जाने के लिए नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही अपने निवास सराय तरीन से सिरसी रेलवे क्रासिंग स्थित अपने कोल्ड स्टोरेज साईकिल साईकिल पर सवार होकर पहुंचे। इस दौरान उन्होने कहा कि देश की अर्थव्यवस्थ की मजबूती और ईंधन की बचत को पीएम की अपील पर वह अपने कोल्ड स्टोरेज साईकिल से आवागमन करेंगे। जबकि सिरसी नगर पंचायत के चेयरमेन कौसर अब्बास ने भी प्रधानमंत्री की अपील पर ध्यान देते हुए अपने कार्यालय साईकिल से पहुंचे और कर्मचारियों से भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मो दी की अपील पर अमल करने पर ज़ोर दिया। उन्होने कहा कि ईंधन की बचत को पीएम की अपील पर अमल करना ज़रूरी हो गया है। जबकि साइकिल चलाने से स्वास्थ्य भी सही रहेगा।





सम्भल- सराय तरीन से रेलवे क्रासिंग सिरसी तक साइकिल से आते पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही व नगर पंचायत से साइकिल से जाते चेयरमैन कौसर अब्बास।

# चौकी प्रभारी के आश्वासन पर किसानों का धरना समाप्त

### ०बिजली समस्याओं के विरोध में बिजली घर पर धरना देने पहुंचे थे किसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के कार्यकर्ता किसानों के शोषण के खिलाफ धरने पर बैठ गए। संबधित जेई एसडीओ को कॉल करने पर कॉल नहीं रिसीव करने को लेकर और किसानों की विद्युत संबन्धित समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष मिथलेश शास्त्री के नेतृत्व में किसान धरना प्रदर्शन करने पहुंचे। किसानों के खिरनी बिजली घर पर धरने पर बैठकर प्रर्दशन करने की सूचना मिलते ही खिरनी पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार मौके पर पहुंच गए। चौकी प्रभारी के अनुरोध पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। जबकि जेई मीटिंग में होना बताया गया। इस दौरान भाकियू पदाधिकारियों ने किसानों की किसी भी समस्या के निदान को हमेशा तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की किसी भी समस्या का निराकण तत्परता के साथ होना चाहिए। इसके अलावा बिजली आपूर्ति शासनादेश और शेडयूल के अनुसार किसानों को भरपूर मिलने पर ज़ोर दिया। साथ ही चौकी प्रभारी द्वारा ज्ञापन लेकर उनके धरने को समाप्त करा दिया।



सम्भल-खिरनी चौकी प्रभारी को मांगो से सम्बंधित ज्ञापन देते।

# समर कैम्प में पारम्परिक परम्पराओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के ग्राम खिजरपुर के राजकीय कन्या इंटर कालेज में चल रहे कैंप के चौथे दिन शनिवार को छात्र/छात्राओं को व्यावहारिक और आषायी ज्ञान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां कराई गई। कार्यक्रम मे छात्राओं को अध्यापिकाओं के माध्यम से स्थानीय व भारतीय परम्पराओं की जानकारी दी गयी। साथ ही छात्राओं व अभिभावकों ने पौधारोपण कर उन्हे संरक्षित करने की शपथ ली।

केंप से बालिकाओं ने भारतीय परम्पराओं के अनुसार एक दूसरे के हाथों में मेहँदी लगाई। साथ ही बककों व उनके माता पिता द्वारा एक एक पेड़ लगाकर व उन्हे संरक्षित करने की शपथ लेकर एक अनोखा कार्य किया जो की प्रशंसनीय है। शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में पारंपरिक परम्पराओं की जानकारी/सरल तैयारी वास्तविक सामग्री के माध्यम से उनकी शब्दावली को विकसित करने का प्रयास किया गया। प्रधानाचार्य अंशुल चौधरी ने कहा कि भाषा समर कैंप का उध्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करके उनको सामाजिक रूप से बलवान बनाना है। शासन के ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है मुख्यतः इन बच्चियों का जो ग्रामीण परिवेश में रहकर अपने अस्तित्व को ज्ञानार्जन के माध्यम से बचाए हुए हैं और अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विद्यलय में पढ़ाई करके भरसक प्रयास कर रहीं हैं। इस अवसर पर प्रवीन माथुर,सरिता सरोज, अरमान, मुस्कान, नंदिनी, विकास, अभिभावकों में बेगमाला, कान्ति, नेमवती, ओंकार सिंह, सत्यवान आदि मौजूद रहे।



# महंगाई के विरुद्ध कांग्रेसी उतरेंगे सड़क पर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल, सीएनजी एवं 5 किलो घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बेहिसाब वृद्वि पर कांग्रेस प्रदेश संगठन के आहवान पर मोर्चा खोलेगी। रोजमर्रा की घरेलू वस्तुओं के दाम में वृद्धि और केन्द्र सरकार पर जन विरोधी नीतियों के आरोप लगाकर जिला कांग्रेस कमेटी विरोध प्रर्दशन करेगी।

केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोल कीमतों में बेहिसाब वृद्वि पर प्रदेश कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता कल (आज) 11 बजे नई तहसील स्थित उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर विरोध-प्रर्दशन करेंगे। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीति से आम जनता, महिलाएं, किसान, नौजवान और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तेल की कीमतों में की गई बेहिसब वृद्वि से अन्य सामान पर भी कीमतें बढ़ना स्वाभाविक हैं। केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन आयोजित किया जाएगा। उन्होने कहा कि यह प्रदर्शन महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज बनेगा। इसलिए एकजुट होकर सरकार को चेतावनी दें कि जनता अब महंगाई की मार नहीं सह सकती। उन्होने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों समस्त फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से समय से पूर्व उपस्थित होकर प्रदर्शन को भव्य और प्रभावशाली बनाने का आहवान किया है।

### ०एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सौपेंगे ज्ञापन

# लू का कहर जारी पारा 41 के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भीषण गर्मी और लू ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। नगत समेत पूरे क्षेत्र में सूरज उगते ही आग उगलना शुरू कर रहा है। सुबह 11 बजे ही बाजारों और प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। जानवर भी छांव तलाशते नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री दर्ज किया गया। दोपहर में तेज धूप और लू के कारण पंखे-कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे।जबकि सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों के आवागमन करने वाले मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। हर समय यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चाला करने को मौजूद रहते यातायात पुलिस कर्मी भी अपने-अपने स्थानों पर खाली बैठे दिखायी दिए।

# अभियान में बुलेट बाइकों के किए चलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात निदेशालय के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और प्रभारी यातायात जगरोशन के नेतृत्व में बुलेट मोटर साईकिल में मोडिफाइड साइलेंसर तथा भारी वाहन में प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने पर चालान की कार्यवाही की गयी। जिसके अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा ट्रक,बस, और डंपर में प्रेशर हॉर्न लगा होने पर 28 चालान किए गये जबकि मॉडिफाइड साईलेंसर लगी 26 बुलेट मोटर साईकिल चालान किए गये।

## संक्षिप्त समाचार

### साफ्टवेयर टूल्स से चल रही जापान की अनोखी पार्टी 'मिराई'

**टोक्यो।** जापान की राजनीति में एक अनोखी पार्टी 'टीम फ्यूचर मिराई' चर्चा में है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समर्थक एजेंडे और टेक्नोलाजी आधारित राजनीति के वादे के साथ उभरी इस पार्टी का चेहरा अन्नो ताकाहिरो हैं, जो साफ्टवेयर इंजीनियर और एआई उद्यमी से पहले साइंस फिक्शन लेखक भी रहे हैं। ताकाहिरो सरकार और लोकतंत्र में भी इंजीनियरिंग सोच और टेक्नोलाजी के इस्तेमाल की पैरवी कर दुनिया में तकनीक-आधारित राजनीति की नई बहस को आगे बढ़ा रहे हैं।

### पद छोड़ने की तैयारी में हैं ब्रिटिश पीएम

**लंदन।** डेली मेल के स्तंभकार डैन हॉजेस ने सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर स्वेच्छा से इस्तीफा देंगे। इससे पहले, स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी की हार के बाद लगभग 100 ब्रिटिश सांसदों ने स्टारमर के इस्तीफे की मांग की थी। फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि ब्रिटिश अधिकारियों को आशंका है कि सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष सरकार के कामकाज को ठप्प कर सकता है।

### स्क्रिप्ट पढ़ता नहीं, सुनकर समझता हूं विजन: सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान ने अपने काम करने के तरीके को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि उन्होंने आज तक कभी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं, बल्कि हमेशा उसे सुनकर ही समझा है। सलमान खान ने भारतीय सिनेमा में एक ऐसे सुपरस्टार के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और कई पीढ़ियों में जबरदस्त फैन फॉलोइंग बनाई है। जहां सलमान खान को अक्सर ऐसा स्टार माना जाता है जो खुद भी राइटिंग से जुड़े रहे हैं।




शिमला। कफरी में गर्मी के मौसम में भारी पर्यटक भीड़ के कारण जाम में फंसे वाहन।

## नाइजीरिया में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 स्कूली बच्चों का किया अपहरण

**अबूजा।** दक्षिण-पश्चिम नाइजीरिया के ओयो इलाके में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 से अधिक स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया है। इस बेहद स्तब्ध करने वाली घटना को तीन अलग-अलग स्कूलों पर दिनदहाड़े एक समन्वित हमले के जरिए अंजाम दिया गया। स्थानीय अखबार 'पंच' की रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने ओरीरे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में सुबह की कक्षाओं के दौरान निशाना बनाया। उन्होंने यावोटा स्थित तीन प्राइमरी स्कूलों पर धावा बोला। मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और बच्चों को बंधक बनाकर पास के जंगली इलाकों में फरार हो गए।

# यूक्रेन का रूस पर 1000 ड्रोन से हमला

## सेमीकंडक्टर प्लांट, ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया, 1 भारतीय समेत 4 की मौत

**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात को रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 1 भारतीय मजदूर भी शामिल है। रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है।

दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं। अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की। अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि हमले में मास्को इलाके में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मास्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। कीव इंडिपेंडेंस की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने मास्को इलाके में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मास्को आयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडार्स्कोये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने दावा किया कि कब्जे वाले क्रीमिया में भी हमला किया गया। वहां बेलबेक एयरफील्ड पर एयर डिफेंस सिस्टम, एस-400 रडार सिस्टम का हैंगर, ड्रोन कंट्रोल सिस्टम, डेटा ट्रांसमिशन सेंटर और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर को निशाना बनाया गया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला हाल के महीनों में मास्को पर हुए सबसे बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमलों में से एक था। रातभर राजधानी और आसपास के इलाकों में एयर रेड सायरन बजते रहे, कई धमाके सुनाई दिए और अलग-अलग जगहों पर मलबा गिरा। रूस के एक टेलीग्राम चैनल के मुताबिक, जेलेनोग्राद का एल्मा टेक्नोपार्क भी हमले में जल गया। यहां माइक्रोइलेक्ट्रानिक्स, रोबोटिक्स और रिसर्च से जुड़ी कंपनियां काम करती हैं। वहीं दुबना इलाके में राडुगा डिजाइन ब्यूरो को भी निशाना बनाए जाने की खबर है, जहां क्रूज मिसाइलें बनाई जाती हैं। ड्रोन हमलों का असर मास्को के एयरपोर्ट्स पर भी पड़ा। शेरमेत्येवो एयरपोर्ट पर करीब 200 फ्लाइट्स लेट या रद्द हुईं, जबकि व्नुकोवो एयरपोर्ट पर करीब 100 फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। एयरपोर्ट परिसर में ड्रोन के टुकड़े भी गिरे, हालांकि वहां किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को रूस के हमलों को जायज बताया है। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के आम नागरिकों को निशाना बना रहा है, इसलिए यह कार्रवाई की गई।



■ अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है

# ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्व: गालिबफ

## ईरानी संसद अध्यक्ष ने कहा: ग्लोबल साउथ की अगुवाई में बन रही नई विश्व व्यवस्था

**तेहरान।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने रविवार को वैश्विक राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था अब एक नई विश्व व्यवस्था के मुहाने पर खड़ी है, जहां पश्चिमी देशों का पारंपरिक दबदबा तेजी से कमजोर हो रहा है और ग्लोबल साउथ का प्रभाव बढ़ रहा है। गालिबफ ने दावा किया कि यह बदलाव एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें शक्ति का केंद्र अब कुछ पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए गालिबाफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जो पिछले सौ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान का 70 दिनों का प्रतिरोध इस वैश्विक बदलाव को तेज करने वाला कारक बना है। ईरानी स्पीकर के बयान में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और पश्चिमी देशों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण के देश अब वैकल्पिक व्यवस्था की ओर देख रहे हैं, जहां आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता दी जा रही है। ईरानी राज्य मीडिया प्रेस टीवी के अनुसार, गालिबाफ ने यह भी कहा कि पुरानी एकध्रुवीय व्यवस्था अब अपनी पकड़ खो रही है और दुनिया नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है। गालिबाफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक मंच पर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, टैरिफ और ताइवान जैसे मुद्दों पर तनाव बना हुआ है। हाल ही में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक में भी वैश्विक व्यवस्था के बदलाव पर चर्चा हुई थी। वर्तमान समय में पश्चिम एशिया, यूरोप और एशिया में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के बीच दुनिया एक नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है।



■ वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है: गालिबफ

## ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता रखी है बरकरार

**मॉस्को।** नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। 'द इंडिपेंडेंट' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

अखबार ने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ईरान के पास अभी भी अपनी अधिकांश मिसाइलों और भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है। अखबार के सूत्रों के अनुसार, नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी कम से कम 60 प्रतिशत मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। इसके अलावा, उनके आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान के 90 प्रतिशत लॉन्च स्थल और सैन्य भंडारण सुविधाएं अब आंशिक या पूरी तरह से चालू हैं, जिससे ईरान अमेरिका के साथ महीनों तक संघर्ष जारी रखने में सक्षम है। अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से पारगमन के लिए विशेष नियमों की घोषणा की।

■ नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है ईरान की भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है

## यूईएके न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन अटैक

**तेहरान।** यूईएके अल धफरा इलाके में स्थित बराकाह न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के बाहर ड्रोन हमले के बाद एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट की सभी जरूरी मशीनें और सिस्टम सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है। हाल के दिनों में ईरान लगातार यूईएको धमकी देता रहा है। युद्ध के दौरान यूईएमें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमेरिकी सैनिक मौजूद थे।

■ अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ

# क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं।

क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिआज कैनल ने अमेरिकी नाकेबंदी के खिलाफ इस महीने की शुरुआत में मार्च निकाला था। क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो की 'पूरी आबादी की लड़ाई' की रणनीति के तहत गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा है। कुछ वीडियो में सैनिक पुराने सोवियत हथियारों के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। एक वीडियो में एंटी-एयरक्राफ्ट गन को बैलों से खींचते हुए भी दिखाया गया। सैन्य इतिहासकार हाल क्लेपाक ने सीएनएन से कहा कि आधुनिक हथियारों की कमी के बावजूद क्यूबा की सेना अमेरिकी हमले का लंबा प्रतिरोध कर सकती है। उनके मुताबिक, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी क्यूबा ने बड़े स्तर पर लोगों को संगठित करने की क्षमता दिखाई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ इस हफ्ते क्यूबा की राजधानी हवाना पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक वे 'यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका' लिखे हुए विमान से पहुंचे थे, जिसने लोगों का ध्यान खींचा।

■ क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी

# कांगो और युगांडा में इबोला से 246 सदिंग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौत

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रविवार को कांगो और युगांडा में फैले 'बुंदीबुग्यो' वायरस स्ट्रेन के कारण इबोला प्रकोप को 'अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने यह बड़ा फैसला सीमा पार संक्रमण की पुष्टि, संदिग्ध मौतों के बढ़ते आंकड़ों और इस महामारी के पूरे क्षेत्र में तेजी से फैलने की आशंका के मद्देनजर लिया है।

यह वैश्विक घोषणा पूर्वी कांगो के इतूरी प्रांत और युगांडा की राजधानी कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए इबोला मामलों के सामने आने के बाद की गई है, जिसमें कम से कम एक मौत भी शामिल है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी का प्रकोप वर्तमान में पाए गए मामलों की तुलना में कहीं अधिक बड़ा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 16 मई तक इतूरी प्रांत के कम से कम तीन स्वास्थ्य क्षेत्रों (बुन्या, वर्मपारा और मोंगबवालु) में 8 पुष्ट मामले, 246 संदिग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। युगांडा ने पिछले 24 घंटों के भीतर कंपाला में इबोला के दो मामलों की पुष्टि की है, और ये दोनों मरीज कांगो से आए यात्री हैं। इनमें से एक मरीज की मौत हो चुकी है और दोनों को गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा, इतूरी से लौटे एक यात्री में किन्शासा के भीतर भी एक अलग पुष्ट मामला पाया गया है, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संक्रमण फैलने की चिंताएं बहुत बढ़ गई हैं। डब्ल्यूएचओ ने अपने आपातकालीन निर्धारण में कहा कि यह घटना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बीमारी के प्रसार के माध्यम से अन्य देशों के लिए एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने इसे अभी 'महामारी' घोषित नहीं किया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय संचरण के जोखिम, कमजोर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और 'बुंदीबुग्यो' स्ट्रेन को निशाना बनाने वाले स्वीकृत टीकों या सटीक इलाज की अनुपस्थिति के कारण इसने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के पैमाने को पार कर लिया है।

■ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषित किया अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल

# पाक में पेट्रोल-डीजल 5 रुपये सस्ता हुआ

## पेट्रोल 409.78 और हाई-स्पीड डीजल 409.58 रुपये लीटर मिल रहा, भारत में 3-3 महंगे हुए थे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपये लीटर (पाकिस्तानी रुपया) की कटौती की है। इसके बाद अब पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 409.78 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत 409.58 रुपये प्रति लीटर पर आ गई है।

नई कीमतें आज यानी 16 मई से लागू हो गई हैं। हाल के दिनों में लगातार बढ़ती कीमतों के बाद इस कमी से मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के बजट को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि पेट्रोल का सीधा असर मोटरसाइकिल, रिक्शा और छोटी गाड़ियों पर पड़ता है। पाकिस्तान सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है। दरअसल, 28 फरवरी से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध (जो फिलहाल थमा हुआ है) के बाद से ही पाकिस्तान में ईंधन संकट है। पाक सरकार ने भले ही 5 रुपये की राहत दी है, लेकिन ठीक एक हफ्ते पहले पेट्रोल की कीमतों में 14.92 और डीजल में 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद, सरकार ने 6 मार्च को पेट्रोल-डीजल 55 रुपये लीटर महंगा कर दिया था। 2 अप्रैल को पेट्रोल में 43 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल की कीमतों में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में 15 मई 2026 को एक विरोध रैली हुई। इसमें सरकार से ईंधन (पेट्रोल-डीजल) के दाम कम करने की मांग की थी। भारत में 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3-3 रुपये प्रति लीटर बढ़ी थीं। इससे दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। वहीं, कंपनियों ने प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी कर दी। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने पड़ रहे हैं। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है।



■ पाक सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है

## पाक के लाहौर में 9 जगहों के नाम बदले गए

**इस्लामाबाद।** अमृतसर से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लाहौर जड़ों की ओर लौट रहा है। दो महीने के भीतर लाहौर में 9 जगहों के इस्लामी नाम फिर से मूल हिंदू या ब्रिटिश विरासत पर रखे गए हैं। इनमें इस्लामपुरा अब अपने पुराने नाम कृष्णनगर और बाबरी मस्जिद चौक अब पुराने जैन मंदिर चौक के नाम से आधिकारिक रूप से जाना जाएगा। इनके बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। खास बात यह भी है कि इस बदलाव के खिलाफ वहां कोई कट्टरपंथी मोर्चा भी नहीं खोल पाया। पंजाब सूबे की सीएम मरियम नवाज के अनुसार परकोटा शहर लाहौर के आठों दरवाजे जिनमें दिल्ली गेट भी शामिल है।

## मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' का कान्स फिल्म महोत्सव में हुआ प्रीमियर

**कान्स।** दिवंगत निर्देशक जॉन अब्राहम की 1986 की प्रशंसित मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' के नवीनीकृत संस्करण का प्रीमियर 79वें कान्स फिल्म महोत्सव के 'कान्स क्लासिक्स' सेक्शन में शनिवार को संपन्न हुआ। दिवंगत अब्राहम अपनी 'अग्रहरथिल कजुताई' (ब्राह्मण गांव में गधा), विद्यार्थीकले इथिले इथिले (इस तरह, विद्यार्थी) और चेरियाचांते क्रूराकृतिगल (चेरियाचन की क्रूरता) जैसे क्लासिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी मौत 1987 में 'अम्मा एरियन' के एक साल बाद हुई। 'अम्मा एरियन' के प्रमुख अभिनेता जॉय मैथ्यू फिल्म के प्रीमियर पर मौजूद थे। कान्स फिल्म महोत्सव के प्रतिनिधि थिएरी फ्रेमॉक्स ने कहा कि भारत एक महान देश है और सिनेमा का वह एक महान क्षेत्र है। यह सिनेमा के इतिहास को फिर से देखने के लिए भी एक महान क्षेत्र है। इसने प्रीमियर में अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों को फिल्म दिखाई।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educton, Drawing & Painting
QUALIFICATION UGC NET, Ph.D
SALARY As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004